Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 184 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शुक्रवार 10 जनवरी 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



चोर धन को नहीं पीटते धनी को पीटते हैं।

Thieves do not hurt wealth, but they hurt the wealthy.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### चश्मदीदों ने बयां किए तिरुपति हादसे के हालात

**तिरुपति (आरएनएस)।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति में हुई भगदड़ में 6 लोगों की मौत हो गई। घटना के चश्मदीदों ने जो बताया, वह हैरान कर देने वाला है। एक महिला ने कहा कि टिकट लेने के लिए भीड़ काफी ज्यादा इकट्ठी हो गई थी। उसने कहा कि पहले से टिकट खरीद लेने के लिए कोई व्यवस्था नहीं बनाई गई थी। जैसे ही पुलिसकर्मियों ने टिकट वितरण के लिए दरवाजा खोला, लोगों की भीड़ वहां टूट पड़ी। महिला ने कहा कि उसके परिवार के 20 सदस्य वहां मौजूद थे, जिसमें से 6 घायल हो गए। महिला ने कहा कि वहां बड़ी संख्या में पुरुष श्रद्धालु भी थे, जो टिकट के लिए दौड़ पड़े थे। इस कारण भी कई महिला श्रद्धालुओं को चोटें आईं, जिनका इलाज किया जा रहा है।

### 'आप' ने दिल्ली में लगवाए होर्डिंग्स, बीजेपी से पूछा सीएम का नाम

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही राजनीतिक दलों के बीच पोस्टर वॉर शुरु हो गया है। आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर होर्डिंग्स लगवाए हैं, जिसमें भाजपा से मुख्यमंत्री के नाम को लेकर सवाल पूछा गया है। साथ ही उसे गाली-गलौज पार्टी भी बताया है। आम आदमी पार्टी के इस होर्डिंग में एक तरफ अरविंद केजरीवाल की तस्वीर लगाई गई है, जबकि दूसरी तरफ प्रश्न चिन्ह छपा हुआ है।

## भविष्य युद्ध में नहीं बुद्ध में है : प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ओडिशा में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का उद्घाटन किया. इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने इस अवसर के महत्व पर भी प्रकाश डाला, और बताया कि कुछ ही दिनों में प्रयागराज में महाकुंभ मेला शुरू हो जाएगा। उन्होंने देश भर में व्याप्त खुशी के माहौल पर जोर देते हुए मकर संक्रांति और माघ बिहू के आगामी त्योहारों का भी उल्लेख किया। अपने संबोधन में प्रधान मंत्री ने वैश्विक व्यापार और आध्यात्मिकता में इसके महत्वपूर्ण योगदान को ध्यान में रखते हुए, ओडिशा की गहन सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत की भी प्रशंसा की।

पीएम मोदी ने ओडिशा के प्राचीन समुद्री संबंधों पर भी टिप्पणी की, जहां व्यापारी बाली, सुमात्रा और जावा जैसे सुदूर क्षेत्रों की यात्रा करते थे। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि इन ऐतिहासिक संबंधों का सम्मान करने के लिए बाली यात्रा की परंपरा अभी भी मनाई जाती है। ओडिशा के आध्यात्मिक सार का जिक्र करते



**प्रवासी भारतीय सम्मेलन में बोले प्रधानमुंत्री नरेन्द्र मोदी- अप्रवासियों के दिल में भारत धड़कता है, इससे दुनिया में मेरा सिर ऊंचा रहता है**

हुए प्रधानमंत्री मोदी ने शांति के प्रतीक धौली के बारे में बात की, उन्होंने कहा कि जहां सम्राट अशोक ने कलिंग युद्ध के बाद अहिंसा को अपनाया था। एक ऐसे युग में जब साम्राज्य हथियारों के बल पर बनाए जाते थे, सम्राट अशोक ने यहां ओडिशा में शांति का मार्ग चुना। यह वह विरासत है जो आज भारत को युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध की शिक्षाओं में निहित भविष्य की वकालत करने के लिए प्रेरित करती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 9 जनवरी के ऐतिहासिक महत्व को भी बताया, जो 1915 में महात्मा गांधी की विदेश से भारत वापसी का प्रतीक है, जिसने भारत के स्वतंत्रता संग्राम की नींव रखी थी। उनकी टिप्पणियाँ इस आयोजन के आसपास के उत्सव के मूड को प्रतिध्वनित करती हैं, जो दुनिया भर से भारतीय प्रवासी सदस्यों की उपस्थिति से बढ़ा है। पीएम मोदी के अनुसार, प्रवासी भारतीय दिवस का यह संस्करण विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशती के साथ मेल खाता है। उन्होंने भारत के वैश्विक जुड़ाव और प्रवासी भारतीयों तक पहुंच पर पूर्व प्रधान मंत्री के स्थायी प्रभाव को श्रद्धांजलि देते हुए इस कार्यक्रम के विकास और सफलता के लिए वाजपेयी की दूरदृष्टि को श्रेय दिया। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को भी याद और कहा कि इसी समय में 1915 में उन्होंने लंबे समय के बाद विदेश से भारत लौटे थे. ऐसे शानदार समय में भारत में आपकी (प्रवासियों) उपस्थिति उत्सव की भावना को और बढ़ा रही है।

## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान दुर्ग में आयोजित मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम में होंगे शामिल

### हितग्राहियों को सौंपेंगे खुशियों की चाबी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान दुर्ग के नगपुरा में कल सुबह 11 बजे से आयोजित मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान मुख्य अतिथि श्री चौहान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और पीएम जनमन के आवास हितग्राहियों को खुशियों की चाबी देंगे। इस दौरान रूरल मेसन प्रशिक्षणार्थियों को सामग्री का वितरण, उत्कृष्ट काम करने वाले ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं को पुरुस्कृत, व्यक्तिगत शौचालय के हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि, स्वच्छाग्राही स्वच्छता समूह का सम्मान एवं स्वच्छता किट का वितरण, समूहों को बैंक लिंकेज एवं डेमो चेक वितरण, ड्रोन दीदीयों को प्रशस्ति पत्र वितरण, लखपती दीदी को प्रशस्ति पत्र और स्वामित्व योजना अधिकार अभिलेख वितरण किया जाएगा।



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री आवास की सौगात देने पर पंचायत मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि इसके पहले भी केंद्र सरकार से 8 लाख 46 हज़ार आवास मिला है. पूर्व में स्वीकृत सभी आवासों में कार्य चल रहा है, कल फिर छत्तीसगढ़ को बड़ी सौगात मिलेगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, अति विशिष्ट अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विशिष्ट अतिथि वन मंत्री केदार कश्यप, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद दुर्ग विजय बघेल, विधायक जगदलपुर किरण देव सिंह, विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चन्द्राकर, विधायक दुर्ग शहरी गजेन्द्र यादव, विधायक अहिवारा डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, विधायक वैशाली नगर रिकेश सेन, विधायक साजा ईश्वर साहू शामिल होंगे।

## श्रम मंत्री द्वारा 41 हजार से अधिक श्रमिकों के बैंक खाते में 23.22 करोड़ रुपए अंतरित

**रायपुर (विसं)।** श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन आज नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार मंडल कार्यालय में 41 हजार से अधिक श्रमिकों के बैंक खाते में 23.22 करोड़ रूपए डीबीटी के माध्यम से अंतरित की। विष्णु देव की सरकार में प्रदेश के श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को लगातार योजनाओं का लाभ तेजी से मिल रहा है। 37 हजार से अधिक निर्माण श्रमिकों को



14.83 करोड़ रूपए एवं 4928 असंगठित क्षेत्र के कर्मकारों को राशि रूपए 8.39 करोड़ रूपए, 28 श्रमिकों को पेंशन एवं दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना के तहत अनुदान राशि दिया जा रहा है। इस तरह कुल 41 हजार से अधिक श्रमिकों को 23.22 करोड़ रूपए डीबीटी के माध्यम से अंतरित किए गए। इस अवसर पर सचिव सह श्रमायुक्त श्रीमती अलरमेल मंगई डी, अपर आयुक्त श्रम एस. एल. जांगड़े सहित श्रमिक उपस्थित थे।

## 10वीं-12वीं : साल में दो बार होंगी बोर्ड की परीक्षाएं; लागू होगा समेस्टर सिस्टम

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** 10वीं तथा 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। अगले साल से स्कूली शिक्षा में बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आने वाले शैक्षणिक वर्ष (2026-27) में बोर्ड एग्जाम्स में बड़े अपडेट्स का ऐलान किया है। उन्होंने कहा की अगले शैक्षणिक साल से 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन साल में दो बार किया जाएगा। सेमेस्टर सिस्टम भी लागू हो सकता है। छात्रों के पास दोनों परीक्षाओं में शामिल होने का विकल्प होगा। उनका मानना है कि ऐसा करने से बोर्ड परीक्षा में छात्रों पर पढ़ाई का तनाव कम होगा।

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा की साल में दो बोर्ड परिक्षा की शुरुआत सीबीएसई बोर्ड एग्जाम से लागू होगी, लेकिन इसे अन्य स्टेट बोर्ड भी लागू कर सकते है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधानमंत्री ने बताया कि साल में दो बार बोर्ड परीक्षा कराने का फैसला अगले शैक्षणिक सत्र यानी 2026-27 से लागू किया जाएगा। अभी इसे लागू करने की तैयारी की जा रही है।

## महाकुंभ के लिए राम के ननिहाल से दो ट्रक सब्जियां भेजी जाएगी

### केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान और मुख्यमंत्री साय हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राम के ननिहाल याने छत्तीसगढ़ उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू होने वाले महाकुंभ के लिए दो ट्रक सब्जियां भेजी जाएगी. छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संघ की ओर से ट्रक में भेजी जा रही सब्जियां को शुक्रवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

प्रदेश के किसानों की ओर से छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संघ द्वारा विश्व के सबसे बड़े मेले



महाकुंभ के लिए दो ट्रक सब्जियां भेजी जा रही है. इसके पहले भी किसान संघ की ओर से अयोध्या के लिए 100 टन सब्जी भेजी गई थी. किसान संघ के मितुल कोठारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ एक सब्ज़ी निर्यातक राज्य के रूप में जाना जाता है।

छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ की ओर से तीन दिवसीय कुम्हारी में आयोजित किसान मेले में छत्तीसगढ़ के साथ साथ अन्य राज्यों के किसान भी आते है. इस बार केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, कृषि मंत्री राम विचार नेताम की उपस्थिति में मेले का उद्घाटन किया जाएगा।

## छत्तीसगढ़ के मुंगेली में बड़ा हादसा, निर्माणाधीन प्लांट की चिमनी गिरने से कई मजदूर दबे



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले के सरगांव थाना क्षेत्र के रामबोड़ गांव में निर्माणाधीन कुसुम प्लांट में बड़ा हादसा हो गया। लोहे की पाइप निर्माण के लिए तैयार हो रही फैक्ट्री की चिमनी गिरने से 25 से अधिक लोग मलबे में दब गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, 8-9 लोगों की मौत होने की आशंका है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है। मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया। हादसे की गंभीरता को देखते हुए आसपास के क्षेत्रों से भी राहत और बचाव दल बुलाए गए।

बताया जा रहा है कि प्लांट निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई थी, जिससे यह हादसा हुआ। हादसे के बाद फैक्ट्री प्रबंधन पर गंभीर आरोप लग रहे हैं। कुछ कर्मचारियों का कहना है कि प्लांट की मशीनरी और स्ट्रक्चर की समय पर जांच नहीं की गई थी। निर्माण कार्य में जल्दबाजी और प्रबंधन की लापरवाही ने इस घटना को जन्म दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्लांट से प्रदूषण और अन्य समस्याएं पहले से ही बड़ी चुनौती रही हैं। जानकारी के मुताबिक घटना के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और मजदूरों के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने उच्चस्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रभावित परिवारों ने प्लांट प्रबंधन से उचित मुआवजे की मांग की है।

उद्योग मंत्री तथा मुंगेली जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने कुसुम पावर प्लांट में हुए हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि ने घायल श्रमिकों को बेहतर से बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए है।

### मूंगेली हादसे पर मुख्यमंत्री ने जताया दुःख

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मुंगेली जिले के रामबोड़ गांव स्थित स्मेल्टर्स प्लांट में औद्योगिक दुर्घटना का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही उच्चाधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य हेतु आवश्यक निर्देश दिए हैं। घटनास्थल पर राहत व बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इसकी सतत निगरानी भी की जा रही है। ईश्वर से मलबे में दबे मजदूरों के सकुशल होने एवं घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ।

## लखमा पिता-पुत्र दूसरी बार पहुंचे ईडी कार्यालय, शराब घोटाला में फिर हुई पूछताछ

**रायपुर (आरएनएस)।** कांग्रेस सरकार में आबकारी मंत्री रहे कवासी लखमा और उनके पुत्र हरीश लखमा ईडी के बुलावे पर फिर से ईडी के रायपुर स्थित कार्यालय पहुंचे हैं। दोनों से पूछताछ चल रही है। बता दें कि पिछले सप्ताह भी दोनों को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। आठ घंटे तक पूछताछ चली थी। आज फिर से ईडी ने दोनों को तलब किया है।

बता दें कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के दौरान करीब 2 हजार करोड़ रुपये से शराब घोटाला हुआ था। तब कवासी लखमा प्रदेश के आबकारी मंत्री थे। ईडी का आरोप है कि प्रदेश में हुए शराब घोटाला में से बड़ी रकम कवासी लखमा को भी मिली है। ईडी ने इस मामले में पिछले महीने लखमा के यहां छापा मारा था। छापे के बाद ईडी ने लखमा के खिलाफ पर्याप्त सबूत मिलने का दावा भी किया है। इसके बाद से ही लखमा से पूछताछ का सिलसिला चल रहा है।

## चकरभाठा में सिंधु अमर धाम के चालिहा उत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भगवान झूलेलाल की पूजा-अर्चना कर राज्य की खुशहाली और समृद्धि की कामना की

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय बिलासपुर के चकरभाठा में पूज्य सिंधु समाज द्वारा आयोजित चालिहा महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने भगवान झूलेलाल की पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ राज्य की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने इस अवसर पर पूज्य सिंधु अमरनाथ आश्रम के संत श्री सांई लाल दास साहेब को नमन करते हुए उनका अभिनंदन किया। श्री साय ने कहा कि पूज्य संत लाल दास जी ने 40 दिन का उपवास रखा है,उससे प्रदेश में खुशहाली आएगी। तप, पूजा पाठ यही हम सबकी ताकत है। श्री साय ने कहा कि वरुण अवतार भगवान झूलेलाल जी का अवतरण भी 40 दिन के सामूहिक तप के बाद हुआ। साईं लाल दास साहेब उसी परम्परा को आगे बढ़ा रहे है। सिंधी समाज धर्म प्रेमी सेवा भावी समाज है। इस अवसर पर विधायक श्री धरम लाल कौशिक, श्री अमर अग्रवाल सहित श्रद्धालु और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सिंधी समाज के लोग शिक्षित, समृद्ध एवं सेवाभावी होते है। अधिकांश समय वे समाज सेवा के काम में लगे रहते हैं। अपने पुरूषार्थ के बल पर उन्होंने देश में अच्छा मुकाम हासिल किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंधी समाज ने देश के विभाजन की विभीषिका को झेला है। अनेक कष्ट उठाने के बावजूद सिंधी समाज के लोगों ने हार नहीं मानी और अपनी जीवटता एवं आपसी सहयोग की बदौलत तरक्की के रास्ते पर आज भी निरंतर अग्रसर हैं।

विधायक श्री धरमलाल कौशिक ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि चकरभाठा स्थित पूज्य सिंधु अमर धाम के चालिहा उत्सव में देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं। उनका सेवा भाव देखने योग्य होता है। यहां आयोजित चिकित्सा शिविर में नामी-गिरामी चिकित्सक स्व-स्फूर्त रूप से अपनी सेवाएं देते हैं। श्री अमित चिमनानी ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि पूज्य संत लाल दास साहेब का तप छत्तीसगढ़ के लोगो के जीवन में खुशहाली लाएगा। इस अवसर पर संभागायुक्त श्री महादेव कावरे, कलेक्टर अवनीश शरण, एसपी रजनेश सिंह, श्री रामू रोहरा सहित बड़ी संख्या में सिंधी समाज के श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उत्सव में शामिल हुए।




# आरबीसी 6-4 के प्रकरणों में समय पर जाँच कर पीड़ितों को लाभान्वित करें : कलेक्टर

### चैतुरगढ़ में मंदिर तक विद्युतीकरण के लिए सर्वे करने के दिए निर्देश

### दूरस्थ क्षेत्रों के हितग्राहियों का नेटवर्क वाले स्थानों में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश

### कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा अंतर्गत अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कामकाजों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आरबीसी 6-4 अन्तर्गत प्रकरणों में पीड़ितों को लाभान्वित करने हेतु प्रकरणों की समय पर जाँच कर सभी रिपोर्ट संलग्न कर पोर्टल में अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदारों को पोस्टमार्टम और पटवारी प्रतिवेदन समय पर प्राप्त करते हुए एसडीएम को सम्बंधित पुलिस अधिकारियों से चर्चा कर प्रकरणों का निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मृत्यु दिनाँक से सात दिवस के भीतर प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने जिले में 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों का वयवंदन आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि मोबाइल नेटवर्क वाले स्थान पर शिविर लगाकर सभी पात्र वरिष्ठ



नागरिकों का कार्ड बनाया जाएं। उन्होंने जनपद मुख्यालयों में भी शिविर लगाने और कार्ड बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खाद्य और समाज कल्याण विभाग को मृत व्यक्तियों के नाम पेंशन और राशनकार्ड से विलोपित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर वंचित व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जो शिक्षक संकुल समन्वयक नहीं बनाना चाहते उन्हें मुक्त कर अन्य को जिम्मेदारी दी जाए। उन्होंने लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षकों पर एक माह के भीतर विभागीय जाँच कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अविद्युतीकृत बसाहटों के घरों में विद्युतीकरण हेतु की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की। कलेक्टर ने डीएमएफ से प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात कार्य प्रारंभ करने तथा पाली के चैतुरगढ़ में बस स्टॉप और मंदिर स्थल तक विद्युतीकरण के सम्बंध में विद्युत विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने चैतुरगढ़ बस स्टॉप से मंदिर तक विद्युतीकरण हेतु सर्वे के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने संजय नगर रेलवे फाटक में अंडर पास निर्माण कार्य की प्रगति, पीएमजनमन, चिर्रा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में आई मांग के संबंध में निर्देश दिए गए। उन्होंने वाहन स्क्रैप की जानकारी रायपुर प्रेषित करने, सखी वन स्टॉप सेंटर,पाली-कटघोरा एनएच किनारे गौशाला निर्माण, वृद्धाश्रम की स्थिति, मुख्यमंत्री के जिला प्रवास के दौरान की गई घोषणा पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने अंत्यावसायी विभाग अंतर्गत ऋण लेकर राशि जमा नहीं करने वालों पर वसूली की कार्यवाही संबंधित तहसीलदारो के सहयोग से करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने तहसीलदारो से सम्बंधित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने सीमांकन के प्रकरणों पर कार्यवाही करने और राजस्व प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत शिशु संरक्षण माह में शामिल होकर इस अभियान को सफल बनाने और अपने आसपास के लोगों को जागरूक करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में निगम आयुक्त श्री आशुतोष पांडेय, जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय पर्यटन समिति की बैठक सम्पन्न

### पर्यटन स्थल के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों को लेकर की गई चर्चा

**गोपाल सिंह विद्रोही**



**/सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक अमर स्तंभ )**- आज जिला संयुक्त कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर श्री एस.जयवर्धन की अध्यक्षता जिला स्तरीय पर्यटन समिति की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रखी गई थी। एनआईसी कक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, संभाग प्रभारी अधिकारी पर्यटन श्री आशीष वर्मा, श्री दरोगा सिंह व संबंधित अधिकारी उपस्थिति तथा भीमसेन अग्रवाल व अन्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। जिले के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल के सौंदर्यकरण व अन्य विकास कार्यो के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें मां महामाया मंदिर देवीपुर के सौदर्यीकरण, मंदिर परिसर में स्थिति अमृत सरोवर में बोटिंग कार्य एवं सीढ़ी के मार्ग पर स्थित उद्यान का उन्नयन कार्य, शक्तिपीठ परियोजना के तहत मां बागेश्वरी कुदरगढ़ देवी धाम में चिन्हांकित निर्माण कार्यो हेतु भूमि उपलब्धता हेतु एनओसी के संबध में चर्चा की गई। इसके साथ ही राज्य स्तर पर चिन्हांकित पर्यटन स्थल सारासोर, तमोर पिंगला एवं अन्य पर्यटन स्थलों पर आवश्यक सुविधाओं व कार्यो पर चर्चा किया गया। केनापारा पर्यटन स्थल के संचालन के संबंध में केनापारा पर्यटन स्थल में आवश्यक सुविधाओं के संबध में जैसे- लाइटिंग, फ्लोटिंग रेस्टोरेंट, टिकट, सुरक्षा और संरक्षण के लिए एचआर, वाणिज्यिक गतिविधियों, वनरोपण गतिविधियां, मनोरंजक गतिविधियों के संबंध चर्चा किया गया। बांक और रकसगंडा पर्यटन स्थल में होमस्टे, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैंड और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर पर्यटन स्थलों का साइन बोर्ड, सभी पर्यटन स्थलों पर डस्टबिन और सुविधायुक्त शौचालय निर्माण, पर्यटन स्थलों पर स्थायी आजीविका के लिए योजना, पर्यटन स्थलों पर लाइटिंग की व्यवस्था, धार्मिक स्थलों के लिए स्वागत द्वार और पर्यटन स्थलों के लिए एलईडी लाइटिंग बोर्ड जैसे महत्वपूर्ण एजेंडा पर चर्चा हुई।

# मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना मोबाइल मेडिकल यूनिट ने हमारी जीवन ही सुधार दी -सुभाष



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-- मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना सूरजपुर जिले में सभी सेवा निकाय में निशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कि कड़ी में नगर पंचायत विश्रामपुर में भी योजना तीव्र गति से चलाई जा रही है।

नगर पंचायत विश्रामपुर निवासी सुभाष विश्वकर्मा जो की पेशे से ड्राइवर हैं गली-गली घूम कर अपने ई रिक्शा में सब्जियों का ठेला साथ में लेकर घूमते हैं सुभाष को विगत 2 साल से शुगर की बीमारी है मोबाइल मेडिकल यूनिट में वह अपना हर महीने अपना शुगर का रेगुलर चेकअप करवा कर निशुल्क दवा भी साथ में लेकर जाते हैं उनका कहना है कि मोबाइल मेडिकल यूनिट की निशुल्क स्वास्थ्य सेवा से उनको बहुत ही लाभ मिला है पहले वह शुगर की दवा बाहरी मेडिकल स्टोर से लेते थे जिससे वह कभी-कभी अपनी दवा समय पर नहीं ले पाते थे जब से मोबाइल मेडिकल यूनिट का कैंप विश्रामपुर में लगना शुरू हुआ तब से अब तक उनको बाहर जाकर महंगी दवाई नहीं लेनी पड़ती मोबाइल मेडिकल यूनिट से उनको निशुल्क लैब टेस्ट के साथ-साथ दवा भी मिल जाता है जिससे वह बहुत ही खुश हैं और सरकार को धन्यवाद और आभार प्रकट करते हुए कहते हैं कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी की यह योजना हम जरूरतमंदों के लिए रामबाण है।

# प्रेम प्रसंग: 9वीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिले के राताखार बस्ती में एक 9वीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया इसके कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक यह पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत का है। यहां राताखार बस्ती में रहने वाली प्रतिभा उईके उम्र (17 वर्ष) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किशोरी ने आत्महत्या के दौरान अपने मोबाईल से आत्महत्या का वीडियो भी बनाया। प्रतिभा कक्षा 9वीं की छात्रा थाी। प्रेम प्रसंग को लेकर छात्रा द्वारा आत्मघाती कदम उठाए जाने की बात सामने आ रही है। जांच पड़ताल के दौरान यह बात सामने आई कि इंस्टाग्राम में छात्रा की दोस्ती बिलासपुर निवासी किसी एक युवक से हुई थी। वहीं दोस्ती आगे चलकर प्यार में बदल गई। फिलहाल छात्रा की आत्मघाती कदम उठाने का स्पष्ट कारण पता नहीं चल सका है। इस घटना के सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। छात्रा के शव को पीएम के लिए भेज दिया गया। छात्रा के मोबाइल को जब्त कर लिया गया है। वही इस मामले में परिजनों व छात्रा के दोस्तों से पूछताछ की जा रही है।

# डी ए वी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर की दुर्दशा बद्द से बत्तर

### श्रमिक नेता ने विद्यालय के चेयर मैन को सुधार के लिए पत्र लिखा

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**-डीएवी पब्लिक स्कूल में बच्चो की सुविधाओं में भारी कमी आई है स्कूल में फैला अव्यवस्था। शिक्षक भी पढ़ने पढ़ाने में कर रहे हैं आनाकानी। पढ़ाई का स्तर गिरता जा रहा है। पलक बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित ।सुधार की कोई गुंजाइश नहीं। सामग्री खरीदने में भी हो रही गड़बड़ी।

मजबूर हो कर संयुक्त कोयला मजदूर संघ (एटक) के क्षेत्रीय सचिव पंकज कुमार गर्ग ने विद्यालय के अध्यक्ष एव महाप्रबंधक बिश्रामपुर क्षेत्र को पत्र लिखकर व्यवस्था में सुधार करने हेतु कहा है।

पत्र में उल्लेख है कि डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में सुविधाओं का



व्यापक अभाव है, स्थाई एवं योग्य शिक्षकों की कमी है। जो शिक्षक है पढ़ने में अभिरुचि नहीं दिखा रहे है ।स्कूल में अव्यवस्था एवं डीएवी प्रबंधन की मनमानी की वजह से विद्यार्थी, अभिभावक काफी परेशान है. स्कूल हेतु सामग्री की खरीददारी में पारदर्षिता की कमी है ।

श्रमिक नेता ने विद्यालय में सुधार के लिए कुछ सुझाव भी दिए हैं जिसमें स्कूल के शिक्षा स्तर में सुधार की आवश्यकता है महसूस की जा रही है। इस हेतू योग्य स्थाई शिक्षकों भर्ती कराने हेतु उचित कार्यवाही किया जाये, डीएवी स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या को देखते हुए अतिरिक्त क्लास रूम एवं कम से कम 4-5 अरिरिक्त शौचायलयों का तत्काल निर्माण की जाना चाहिए,डीएवी स्कूल के मुख्य गेट में बने काऊ कैचर में आए दिन छोटे बच्चों का पर फंस जाने की वजह से बच्चे चोटिल हो रहे हैं जिसकी वजह से अभिभावकों की शिकायत बनी रहती है अत: तत्काल मुख्य द्वार को बच्चो के आवागमन के लायक बनाया जाना चाहिए,डीएवी स्कूल के मुख्य द्वार से स्कूल बिल्डिंग के पोर्च एवं पीछे नर्सरी क्लास आवागमन मार्ग में बच्चो को बारिश एवं तेज धुप से बचने हेतु सेड निर्माण करवाना आवश्यक है ।डीएवी स्कूल के नर्सरी,एल केजी,यू केजी क्लास के बच्चो के सुरक्षित आवागमन हेतु पूर्व की व्यवस्था अनुसार पीछे के गेट को खोला जाना चाहिए,डीएवी स्कूल कैम्पस, खेल के मैदान, नालियों एवं शौचायलयों की साफसफाई की समुचित व्यवस्था की जानी चाहिए,एवं स्कूल कैम्पस के भीतर सभी मुख्य ड्रेन को कवर किया जाना आवश्यक है ।स्कूल की सालाना फीस अन्य क्षेत्रों द्वारा संचालित स्कूलों की अपेक्षा अधिक है अत: फीस का पुनरावलोकन किया जाए, स्कूल में वर्तमान में पेरेंट्स रिप्रेजेंटेटिव सिर्फ अधिकारियों को बनाया गयारु है, इसमें तत्काल परिवर्तन कर एसईसीएल से गैर अधिकारी वर्ग की महिला कर्मचारी/अभिभावक को पेरेंट्स रिप्रेजेंटिटिव बनाया जाये

स्कूल प्रबंधन द्वारा स्कूल हेतु गुणवत्ता विहीन उच्च दर पर सामग्री खरीदी की शिकायत व्यापारियों एवं अभिभावकों द्वारा लगाए जा रहे है! यह सलाह है कि सामग्री खरीदी में पारदर्शिता के साथ नियमो का पालन किया जाए।

# लोगों की अभिरुचि बढ़ी अपनी संतानों के जन्मदिन पर नेवता भोज देने की

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- क्षेत्र के प्रथम बस्तामुक्त विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में जागरूक पालक जितेंद्र सारथी द्वारा अपनी सुपुत्री किरण सारथी के जन्मदिन की उपलक्ष्य में आंशिक नेवता भोज आयोजित किया गया। इस आयोजन में विकास खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार पोर्ते, रामनगर संकुल प्राचार्य श्रीमती सुषमा बखला, रुनियाडीह ग्राम सरपंच श्रवण सिंह, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति समिति के अध्यक्ष श्रीमती एनवती राजवाड़े, विकास श्रीवास्तव, शिवलाल सिंह, कौशिल्या राजवाड़े, कृष्णाबाई, तारा सारथी, अनीता राजवाड़े, किरण सारथी की दादी, मम्मी-पापा, चाचा-चाची एवं समस्त भाई-बहन उपस्थित रहे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार पोर्ते द्वारा अपने उद्बोधन में उपस्थित



पालकों को नेवता भोज के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया कि शासन की मंशा है कि बच्चों को मध्याह्न भोजन में अतिरिक्त पूरक पोषण आहार में मिले। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पालकों का जुड़ाव विद्यालय से करना है ताकि पालक विद्यालय को अपना समझ सके व हर कार्य में अपना सुझाव व सकारात्मक सहयोग दे सके। पालकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों सहित अपना जन्मदिन तथा शादी की सालगिरह के अवसर पर शासकीय विद्यालय में आंशिक या पूर्ण नेवता भोज आयोजित कर बच्चों से लगाव स्थापित करें। पालक चाहे तो इस अवसर पर बच्चों को आंशिक नेवता भोज के रूप में चॉकलेट, बिस्किट, मौसमी फल, अतिरिक्त सब्जी, खीर, पुड़ी या मिठाई दे सकते हैं तो वही पूर्ण रूप से भी नेवता भोज दे सकते हैं, उन्हें चाहिए कि बच्चों के अन्नप्राशन संस्कार या शादी विवाह अवसर पर भी बच्चों के लिए ऐसा कुछ कर बच्चों से जुड़ाव स्थापित कर सकते हैं। आज जितेंद्र सारथी द्वारा आंशिक नेवता भोज में बच्चों के लिए काबुली चना पनीर की सब्जी, पुड़ी व मंच चॉकलेट की व्यवस्था की गई तो वहीं संकुल प्राचार्य सुषमा बखला द्वारा सभी बच्चों के लिए कैडबरी टाफी व्यवस्था की गई। ग्राम सरपंच श्रवण सिंह द्वारा किरण सारथी को ?500 नगद प्रदान किया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा किरण सारथी के उज्जवल भविष्य की कामना और प्राइवेट वाहन चालक पिता जितेंद्र सारथी के कार्य की सराहना की गई। उपस्थित समस्त अतिथियों ने बच्चों संग पंगत में बैठकर नेवता भोज किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी, रिजवान अंसारी, एम. टोप्पो, पूनम गुप्ता, मध्याह्न भोजन सहायिका सुमित्रा राजवाड़े, नान दईया सहित बाल कैबिनेट के प्रधानमंत्री अजय विश्वकर्मा, सांस्कृतिक मंत्री रजवंती, रूपा विश्वकर्मा, अनुशासन मंत्री रिंकी राजवाड़े, बागवानी मंत्री सुनीता राजवाड़े, कलावती राजवाड़े, दीपक, समीर देवांगन सक्रिय रहे।

यहां बताना आवश्यक है कि अब पलकों एवं आम नागरिकों में अपने बच्चों के जन्मदिन पर विद्यार्थियों को भोजन करने की परंपरा बनती जा रही है ।लोग घरों में जन्मदिन न मना कर विद्यालय में जाकर नेवता भोज कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रोजगार दिवस में श्रमिकों के अधिकार बताए गए

**कोरबा(विश्व परिवार)।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत ग्राम पंचायतों में मंगलवार को जागरूकता गतिविधि के रूप में रोजगार दिवस मनाया गया। रोजगार दिवस में श्रमिकों को महात्मा गांधी नरेगा के तहत प्राप्त अधिकारों की जानकारी दी गई। दिनेश कुमार नाग मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के द्वारा सभी जनपद पंचायतों के सीईओ एवं कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक माह की 07 तारीख को जागरूकता गतिविधि के रूप में ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस आयोजित किये जाए, जिसके परिपालन में आज ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस मनाया गया। रोजगार दिवस में ग्रामीणों, पंजीकृत श्रमिकों को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त अधिकारों और हकदारियों की जानकारी दी गई। रोजगार दिवस में तकनीकी सहायक एवं रोजगार सहायकों ने ग्रामीणों, श्रमिकों को मनरेगा की वर्तमान में प्रचलित मजदूरी दर 243 रुपए, रोजगार की मांग,श्रमिकों के अधिकार- जॉब कार्ड का अधिकार,वर्ष में 100 दिन के काम की मांग का अधिकार, मजदूरी भुगतान का अधिकार, कार्यों के सामाजिक अंकेक्षण करने का अधिकार आदि के विषय में जानकारी दे कर जागरूक किया गया। ग्राम पंचायत रैनपुर खुर्द, पहाड़गांव, सलिहाभाटा, तानाखार, पिपरिया, वनखेता, केंदई, तनेरा, सुखरीखुर्द, वीरतराई, संडेल, चांपा, डोंगरी, धवईपुर, बतारी, कटसिरा, रलिया, देवरी, धनरास, धनगांव, गढउपरोड़ा, दोदरों, सतरेंगा, तिलईडांड ,तिलकेजा, भैंसमा, देवपहरी आदि ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस मनाया गया। रोजगार दिवस में स्थानीय जनप्रतिनिधि, मनरेगा के पंजीकृत श्रमिक,सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### सात किलोग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**बलौदाबाजार(विश्व परिवार)।** थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों, अवैध महुआ शराब बनाने वाले, जुआ सट्टा एवं मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले अंवैधानिक तत्वों की धरपकड कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में इंदिरा कॉलोनी नहर किनारे बलौदाबाजार में मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने वाले 01 आरोपी को पकड़ा गया है। मुखबिर सूचना पर दिनांक 07.01.2025 को थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम द्वारा बलौदाबाजार नगर के इंदिरा कॉलोनी नहर किनारे में घेराबंदी कर बिक्री करने के लिए अवैध मादक पदार्थ गांजा रखने वाले आरोपी मयंक पाण्डेय को पकड़ा गया है। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा पहले आरोपी मयंक पाण्डेय एवं उसके पास रखे गए पिट्ठू बैग का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें आरोपी से अलग-अलग पैकेट में भरा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात मिले गांजा का विधिवत तौल कार्यवाही कराया गया, जिसमें कुल 07 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसे विधिवत जप्त किया गया है। उक्त गांजा का बाजार मूल्य ?70,000 है। साथ ही प्रकरण में आरोपी से एक मोबाइल भी जप्त किया गया है। आरोपी- मयंक पांडे उर्फ मंकू उम्र 18 वर्ष 08 माह निवासी ग्राम तिल्दाडीह थाना खरोरा जिला रायपुर वर्तमान निवासी आशीष चौक इंदिरा कॉलोनी बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली।

### एनसीडीसी, पड़निया और डोंगरी शासकीय विद्यालय में होगी बोर्ड परीक्षा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए तीन नए केंद्रों को स्वीकृति मिल गई है। इस तरह से अब केंद्र की संख्या 95 से बढकर 98 हो गई है। मार्च से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा के लिए तीन नए केंद्र बनाए गए हैं। इसमे एनसीडीसी, पड़निया और डोंगरी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। नए केंद्र बनाए जाने से इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को काफी राहत मिलेगी। उन्हें परीक्षा देने दूर नहीं जाना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से मार्च में आयोजित होने वाली कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन की ओर से माध्यमिक शिक्षा मंडल को भेजे गए प्रस्ताव पर निर्णय लिए जा रहे हैं। कोरबा में तीन नए केंद्र खोले जाने से संबंधित प्रस्ताव को माध्यमिक शिक्षा मंडल की समिति ने मंजूरी दे दी है। इसके पहले कोरबा जिले में 95 परीक्षा केंद्र थे। अब इन केंद्रों के खुलने से जिले में परीक्षा केंद्र की संख्या 98 हो गई है। गौरतलब है कि मुड़ापार हेलीपेड के पास स्थित एनसीडीसी विद्यालय की गिनती शहर के बड़े सरकारी विद्यालयों में होती है। इस विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से पूर्व में भी कई बार प्रस्ताव भेजा गया था। लेकिन इसका निर्णय नहीं हो सका था। इस शिक्षा सत्र में आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षा के लिए प्रस्ताव भेजे गए। जिसे मंडल ने स्वीकार कर लिया।

# संपादकीय

## खेल जगत में नियम को तुरंत बदलने की जरूरत

ओलिंपिक्स में मेडल जीतना खेल जगत की सबसे बड़ी उपलब्धि होता है। ऐसे में जो खिलाड़ी पदक जीतते हैं, उन्हें स्वाभाविक रूप से खेल रत्न पुरस्कार मिलने चाहिए। इसके लिए एथलीट खुद अर्जी दें, इस नियम को तुरंत बदलने की जरूरत है। ऐसे नियम अतार्किक हैं, जिनकी वजह से देश का नाम रोशन करने वाली शख्सियतों से उनका सम्मान छिने और वे आहत महसूस करें। वैसे भी सम्मान पाने के लिए खेल प्रतिभाओं के खुद आवेदन करने की शर्त अजीबोगरीब है। इसी शर्त के कारण ओलिंपिक खेलों में अप्रतिम प्रदर्शन करने वाली निशानेबाज मनु भाकर इस वर्ष खेल रत्न पुरस्कार पाने से वंचित हो गई हैं। भाकर का कहना है कि शर्त के मुताबिक उन्होंने पुरस्कार के लिए पोर्टल पर जाकर आवेदन किया था। लेकिन संभवत÷ किसी तकनीकी गड़बड़ी के कारण उनकी अर्जी अधिकारियों तक नहीं पहुंच पाई। इस तरह जिस साल उन्होंने ओलिंपिक्स में दो पदक जीत कर ऐसा करने वाली पहली भारतीय बनीं, उन्हें इस पुरस्कार से वंचित होना पड़ा है। इस पर मनु के असंतोष को आसानी से समझा जा सकता है। उनके पिता ने एक इंटरव्यू में मनु की उदास प्रतिक्रिया की जानकारी दी। उनके पिता ने बताया- %उसने मुझसे कहा कि मुझे ओलंपिक्स जाकर देश के लिए पदक जीतने ही नहीं चाहिए थे। असल में मुझे एथलीट ही नहीं बनना चाहिए था।' जब नाम जारी हुए, तब मनु को पता चला कि इस वर्ष खेल रत्न पुरस्कारों के लिए जिन 12 खिलाडियों को शॉर्ट लिस्ट किया गया है, उनमें उनका नाम नहीं है। जबकि 2021 में टोक्यो ओलंपिक्स के बाद वहां पदक जीतने वाले सभी सात खिलाडियों को खेल रत्न से सम्मानित किया गया था। ओलिंपिक्स में मेडल जीतना खेल जगत की सबसे बड़ी उपलब्धि होता है। जहां मुकाबला सचमुच वैश्विक स्तर का हो, वहां कामयाब होना आसान नहीं होता। ऐसे में जो खिलाड़ी पदक जीतते हैं, उन्हें स्वाभाविक रूप से खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना जाना चाहिए। इसके लिए एथलीट खुद अर्जी दें, इस नियम को तुरंत बदले जाने की जरूरत है। मनु भाकर की उपलब्धि कितनी बड़ी है, क्या इसे उन्हें खुद बताना चाहिए? भारत में दिक्कत यह है कि ओलंपिक्स की सफलता देश को सिर्फ एक-दो दिन याद रहती है। ओलंपिक्स जैसे मौकों पर उपलब्धियों के अभाव के लिए देश की यह संस्कृति कम जिम्मेदार नहीं है।

# एक देश एक चुनाव:राष्ट्र की आवश्यकता......


-श्री गिरीराज सिंह
केंद्रीय कपडा मंत्री



'एक देश एक चुनाव' पर बनी उच्च स्तरीय कमिटी की सिफारिशों को केन्द्रीय केबिनेट ने मंजूर कर लिया है। हमारी सरकार की इच्छा अगले पांच वर्षों में इसे सारे देश में लागू करने की है। यह कोई राजनैतिक मुद्दा नहीं बल्कि राष्ट्र की महती आवश्यकता है। यह बात कानून एवं कार्मिक मामलों की स्थायी संसदीय समिति की रिपोर्ट 2015 में भी उजागर हुई है। इस पर नीति आयोग, विधि आयोग व चुनाव आयोग की पहल भी होती रही है। राष्ट्रपति के अभिभाषण से लेकर प्रधानमंत्री के अनेक वक्तव्यों में भी यह मुद्दा चर्चा के केंद्र में रहा है। 'एक देश एक चुनाव' की संभावनाओं पर विचार करने हेतु पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी की अध्यक्षता में गठित आठ सदस्यीय समिति ने भी इस पर अपनी संस्तुति प्रदान की है, जिसे हमारी सरकार ने मान लिया है। हालाँकि इस प्रस्ताव का बीजारोपण सर्वप्रथम 1983 ई. में चुनाव आयोग ने किया था जिसे उस समय की सरकार ने निरस्त कर दिया था। फिर 1999 ई. में लॉ कमीशन ने इसका सुझाव दिया जिसपर 2002 में बाजपेयी सरकार द्वारा गठित संविधान समीक्षा आयोग या वेंकटचलईया समिति ने इसका व्यापक समर्थन किया। आगे 2014 में हमारी सरकार के सत्ता में आने के बाद यह मुद्दा चर्चा के केंद्र में आया जिसकी पूर्णाहुति है पूर्व राष्ट्रपति कोविंद जी ने नेतृत्व में बनी आठ सदस्यीय समिति की संस्तुति और इसपर केन्द्रीय केबिनेट की मंजूरी।

### एक देश एक चुनाव क्या है?

किसी भी जीवंत लोकतंत्र में चुनाव एक आवश्यक प्रक्रिया है। भारत जैसे विशाल देश में अबाध चुनावी प्रक्रिया सम्पन्न कराना हमेशा से एक टेढ़ी खीर रहा है। लोकसभा और राज्यों के विधानसभाओं के चुनाव का कोई नियत समय नहीं होता है। यह सांसदों और विधायकों के विश्वास मत और सरकार की मंशा के अधीन होता है इसके अलावे पंचायत और नगर पालिकाओं के चुनाव को भी यदि इसमें शामिल कर लिया जाए तो ऐसा लगता है जैसे देश एक चुनावी दुश्चक्र में फंस गया हो। इससे न केवल प्रशासनिक और नीतिगत निर्णय प्रभावित होते हैं, बल्कि राष्ट्रीय संपत्ति और जनता के पैसों का भी नुकसान होता है। इसलिए नीति निर्धारकों का यह विचार है कि क्यों न लोकसभा, विधान सभाओं और पंचायत व नगरपालिकाओं के चुनाव साथ-साथ करवाएं जाएँ। इस प्रकार 'एक देश एक चुनाव' लोकसभा और विधानसभाओं तथा स्थानीय निकायों के चुनावों को साथ-साथ करवाये जाने का वैचारिक उपक्रम है। इस संदर्भ में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी की अध्यक्षता में बनी उच्च स्तरीय समिति की सिफारिश है कि चुनाव दो चरणों में कराए जाएं। पहले चरण में लोकसभा और राज्य विधान सभाओं के चुनाव कराएं जाएं तथा दूसरे चरण में नगरपालिकाओं और पंचायतों के चुनाव हों। इन्हें पहले चरण के चुनावों के साथ इस तरह से कॉर्डिनेट किया जाए कि लोकसभा और विधानसभा के चुनाव के सौ दिनों के भीतर इन्हें पूरा किया जाए। इसके लिए कुछ विधानसभाओं के कार्यकाल में कटौती करनी होगी और कुछ के कार्यकाल में विस्तार करना होगा। एक देश एक चुनाव के मुद्दे पर इस उच्च स्तरीय समिति ने कुल 47 राजनैतिक दलों से बातचीत की। इसमें कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों समेत केवल 15 दलों ने विरोध जताया जबकि 32 दलों ने इस पर अपनी सहमति प्रदान की। लेकिन सवाल उठता है कि यह एक देश एक चुनाव इतना आवश्यक क्यों है?



### एक देश एक चुनाव आवश्यक क्यों?

चुनावों की बारंबारता के कारण बार-बार आदर्श आचार सहिंता यानी मॉडल कोड ऑफ़ कंडक्ट लगाना पड़ता है। इससे सरकार आवश्यक नीतिगत निर्णय नहीं ले पाती है और विभिन्न योजनाओं-परियोजनाओं की गतिविधियाँ प्रभावित होती है। यहाँ बताते चलें कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद सत्ताधारी दल, मंत्रियों या लोक प्राधिकारियों द्वारा किसी नियुक्ति प्रक्रिया, परियोजना की घोषणा, वित्तीय मंजूरी या नई स्कीमों आदि की शुरुआत की मनाही रहती है। जिससे सत्ताधारी दल को चुनाव में अतिरिक्त लाभ न मिले। लेकिन भारत में चुनावों की अधिकता-बारंबारता के कारण यह कई बार आवश्यक विकासात्मक परियोजनाओं को भी रोक देता है जिससे विकास बाधित होता है। यदि देश में एक ही बार लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव संपादित किये जाएँ तो अधिकतम तीन महीने ही आदर्श आचार संहिता लागू रहेगी, बांकी के चार साल नौ महीनें तो निर्बाध रूप से विकासात्मक परियोजनाओं को संचालित किया जा सकता है। अत: देश को विकास के पथ पर तीव्रता से अग्रसर करने हेतु वन नेशन वन इलेक्शन आवश्यक है।

एक देश एक चुनाव के पक्ष में दूसरा प्रमुख तर्क यह है कि इससे चुनावों पर होने वाले भारी खर्च में कमी आएगी और राष्ट्रीय कोष में वृद्धि होगी। दिनों-दिन चुनावी व्यय में होने वाली वृ ?द्धि इस बात का सबूत है कि चुनावों में बढ़ता बेतहाशा खर्च देश की आर्थिक सेहत के लिए नुकसानदेह है। ज्ञात हो कि 1952 के प्रथम आम चुनाव में जहाँ मात्र 10 करोड़ रूपये खर्च हुए थे वहीं 2009 के आम चुनाव में 11 सौ करोड़ रूपये खर्च किये गये और 2014 के चुनाव में यह चुनावी व्यय बढ़कर लगभग 4 हज़ार करोड़ रूपये हो गया। हद तो तब हो गई कि 2019 के आम चुनाव का खर्च विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार 55 से 60 हज़ार करोड़ रूपये बताया जा रहा है। वहीं कई मीडिया रिपोर्ट्स का यह दावा है कि 2024 के आम चुनाव का कुल खर्चा लगभग 1.35 लाख करोड़ है जो कि जो कि पुरे विश्व के किसी भी देश की चुनावी खर्चे में सर्वाधिक है। एक आकलन के मुताबिक पांच सालों में देश में होने वाले समस्त चुनावों यथा लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकायों के चुनावों का कुल खर्चा यदि जोड़ा जाए तो यह लगभग 2.5 से तीन लाख करोड़ रूपये होगा। अत: इसे कम करने के लिए एक देश एक चुनाव का विचार सर्वोत्तम है। साथ ही तीसरी बात यह कि एकसाथ लोकसभा और विधान सभाओं के चुनाव होने से काले धन पर रोक लगेगी और भ्रष्टाचार पर लगाम कसने में भी मदद मिलेगी। यह चुनाव सुधार की दिशा में भी कारगर कदम सिद्ध होगा। चौथी बात यह कि वन नेशन वन इलेक्शन से कर्मचारियों के मूल कृत्यों के निर्वहन में तीव्रता आएगी साथ ही लोगों के सार्वजनिक जीवन के व्यवधान में भी कमी आएगी। विदित है कि हमारे यहाँ चुनाव कराने हेतु शिक्षकों एवं सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मचारियों की सेवा ली जाती है जिससे उनका मूल कार्य प्रभावित होता है। इतना ही नहीं चुनाव सुरक्षित हो तथा अवांछनीय तत्वों द्वारा इसे प्रभावित न किया जाए इसके लिए कुल मिलाकर लगभग डेढ़ करोड़ चुनावकर्मी और सुरक्षाबल की तैनाती की जाती है। इससे शिक्षा एवं सुरक्षा व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है तथा देश के अन्य आवश्यक कामकाज भी प्रभावित होते हैं। चुनावों के कारण सख्त सुरक्षा इंतजाम की वजह से आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति में खलल पड़ता है और महंगाई में इजाफा होता है। साथ ही एक के बाद एक होने वाली चुनावी रैलियों व प्रचारों से यातायात की परेशानियों में भी वृद्धि होती है और आम जनजीवन प्रभावित होता है। इस कारण यदि एक ही साथ यदि चुनाव हो तो यह मानव संसाधन के प्रयोग तथा लोक जीवन की सुगमता की दृष्टि से कहीं ज्यादा बेहतर विकल्प होगा। पांचवीं बात यह है कि छोटे राजनैतिक दलों और निर्दलीय प्रत्याशियों को भी बार-बार चुनावी प्रचार और संसाधन की कमी जैसी चुनौती से निपटने में आसानी होगी और वो पूरी ताकत से जनता के मुद्दे को पटल पर लाने में सक्षम साबित होंगे। चुनावों की अधिकता वोटरों में अरुचि पैदा करती है और इससे मतदान प्रतिशत में कमी आने का खतरा बढ़ता है। जबकि पांच वर्ष में एकसाथ एकबार चुनाव होने से आम मतदाता में चुनावों के प्रति दिलचस्पी बढ़ेगी तथा वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। छठी और अंतिम बात यह है कि एक देश एक चुनाव कोई अनूठा प्रयोग नहीं है कि इसका विरोध किया जाए, बल्कि इस प्रकार की प्रथा शुरूआती चार चुनावों में अपनाई जाती रही है। इसलिए जो भी दल इसकी व्यावहारिकता को लेकर संशय या विरोध जताते हैं उन्हें सन 1952, 1957, 1962 और 1967 के आम चुनावों को जरुर याद करना चाहिए, जिसमें लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ करवाए गये थे। हाल ही में जब 18वीं लोकसभा चुनावों के साथ ओडिशा, आंध्र प्रदेश, सिक्किम और अरुणाचल के विधानसभा चुनाव हुए हैं तो फिर बाकी राज्यों के क्यों नहीं हो सकते?

### आगे की राह

इसमें दो राय नहीं कि विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत, चुनावी चक्रव्यूह में घिरा हुआ नज़र आता है। इसलिए चुनावों के चक्रव्यूह से देश को निकालने के लिए एक विषद चुनाव सुधार अभियान की आवश्यकता है। इसमे जनप्रतिनिधित्व की धारा को अपटूडेट बनाना, काले धन पर रोक लगाना, राजनीति के अपराधीकरण के खिलाफसख्त कानून बनाना, रचनात्मक अविश्वास व् रचनात्मक विपक्ष की परिपाटी को बढ़ावा देना तथा जनशिक्षण के द्वारा लोगों में राजनैतिक चेतना व जागरूकता का सही विकास करना जैसे ज़रूरी कदम हमारी सरकार लगातार उठा रही है। जब-जब नेता, नीति को छोड़कर राजपाट पाने को आतुर होते हैं तो चुनावों की अधिकता इस देश का दुर्भाग्य बन जाती है। सोचने की बात है कि जब वन नेशन वन टैक्स का विचार फलीभूत हो सकता है तो वन नेशन वन इलेक्शन को आज़माने में क्या परेशानी है? ऐसे भी एकसाथ चुनाव करवाने वाला भारत कोई एकलौता देश नहीं होगा बल्कि बेल्जियम, स्वीडेन, दक्षिण अफ़्रीका भी एक साथ चुनाव करवाते आयें हैं। इस दिशा में राजनैतिक दलों को भी खुले मन से चुनाव सुधार की दिशा में अग्रसर होने की आवश्यकता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि यदि हम राष्ट्र की आवश्यकताओं के अनुकूल राजनीतिक प्रणाली को नहीं सुधारेंगे तो यह राष्ट्र को दीमक की तरह चट कर सकती है। अत: एक देश एक चुनाव एक प्रगतिशील कदम है जो कि राष्ट्र की आवश्यकताओं के अनुकूल है।

# आलेख

## नगरी सिहावा के सीतानदी वनांचल में बिखरा है अलौकिक प्राकृतिक सौंदर्य

विमल शंकर झा

भारत का हृदयस्थल छत्तीसगढ़ धान का कटोरा ही नहीं बल्कि सुरम्य पर्वत श्रृंखलाओं और हरितिमा से आच्छादित प्राकृतिक संपदाओं और रहस्यमयी पुरा सौंदर्य को अपने आप में समेटे हुए हैं। पुण्यसलिला चित्रोत्पला महानदी के उद्गम सिहावा नगरी से लगे प्रकृति की गोद में बसे सोंढूर और आसपास के वनांचल में झरते खूबसूरत झरने, कंदराएं, दुर्लभ वनौषधियो, पौराणिक और ऐतिहासिक स्थलों और अभयारण्य के लिए प्रसिद्ध है। लोगों को यह जानकर गर्व होगा कि सप्तऋषियों में छग में भांजे के रुप में श्रद्धेय भगवान राम के जन्म से जुड़े पुत्रेष्टि यज्ञ के पुरोहित श्रृंगि ऋषि सहित 4 ऋषियों के पावन आश्रम और विश्वप्रसिद्ध पायलीखंड का हीरा खदान भी इसी प्रसिद्ध वनांचल में हैं। प्राकृतिक छटा और पुरातात्विक महत्ता से लबरेज सीता नदी वन क्षेत्र से सोंढूर तक फैले ऐसे तमाम ऐतिहासिक, सामाजिक, लोक सांस्कृतिक और धार्मिक क्षेत्र से जुड़े नामचीन और गुमनाम स्थलों और रहस्यों को भिलाई के वरिष्ठ साहित्यकार और सेवानिवृत्त व्याख्यात इन्दुशंकर मनु ने अपने यायावरी अनुभव से नई दृष्टि दी है। सर्वप्रिय प्रकाशन से प्रकाशित उनकी सद्य प्रकाशित शोधपरक संस्मरणात्मक किताब सोंढूर डायरी में इस वनांचल के मांदागिरी पर्वत से लेकर रक्साहाड़ा जीवाश्म तक कई ओझल प्रसंगों व स्थलों को तथ्यपरक ढंग से रोचक शैली में सामने लाने की कोशिश की गई है। यह साहित्यप्रेमियों के साथ शोध छात्रों के लिए भी एक उपहार हैं। सोंढूर के निकट सीता नदी अभयारण्य की पहाडियों पर सप्तऋषियों में चार ऋषियों श्रृंगी ऋषि(सिहावा पर्वत), अंगिरा (घटुला गिरी), मुचकुंद (धवल गिरी) और गौतम ऋषि (मादागिरी) के आश्रम हैं। बाकी 3 ऋषि की तपोभूमि अमरकंटक पर्वत पर हैं। छग की जीवनरेखा मानू जाने वाली महानदी और पौराणिक चित्रोत्पला का उद्गम श्रृंगीऋषि पर्वत ही है। नगरी के समीप अगस्त्य का आश्रम है,जिन्होंने बढ़ते हुए विंध्याचल पर्वत को रोकने अपने दक्षिण भारत की यात्रा से वापस आने तक यथा स्थिति रहने का आदेश दिया था। आश्रम में उनसे शापित पत्नी अहिल्या की अवसादग्रस्त पाषाण प्रतिमा निर्जन गुफा में उपेक्षित पड़ी है । सीतानदी की पहाडियों पर वर्षों पूर्व आदिमानवों का निवास माना जाता है। कालांतर में राजाओं ने राजधानी के किले बनाए, जिनके भगनावशेष अभी भी बिखरे पड़े हैं। किताब के लेखक इंदुशंकर मनु बताते हैं कि सिहावा से निकलने वाली महानदी (चित्रोत्पला, नीलोत्पला, महानंदा) और घटुला पहाड़ी से निकली सीतानदी के किनारे मानव सभ्यता का विकास हुआ। सीतानदी वन क्षेत्र नीलांचल नाम से जाना जाता है और लिलांज नदी व ग्राम भी नीलांचल शब्द को उद्घाटित करता है। घटुला ऋषि गुफा के निकट गढड़ोंगरी में बिखरे द्रविण मूर्तियों के अवशेष पुरामहत्व के हैं। सर्प शिल्पकला से बना पवित्र जलकुंड वाला प्रसिद्ध कर्णेश्वर मंदिर प्रसिद्ध है। वहीं सघन मादागिरी चट्टान परछोटे, छोटे कुंड अभी भी दिखाई देते हैं,जिनमें कभी आदि मानव कंदमूल व अनाज कूटा करते थे। यहां के पत्थरों का उपयोग मूर्तियां व स्तंभ बनाने किया जाता था । किताब में बतौर जनश्रुति श्री मनु ने रहस्योदघाटन किया है कि मनोरम मादागिरी शिखर पर आश्चर्यजनक रुप से विशालकाय बेलनाकार पर्वत एक छोटे से पत्थर पर टिका है। पांडवों के वनवासकाल में किसी राक्षस के विनाश के लिए महाबली भीम ने इसे फंदे के रुप में उपयोग किया था । जलप्रपात के किनारे मारे गए राक्षस की हड्डियां (जीवाश्म) को शिकारियों और तस्करों के मटियामेट करने के बाद भी भगनावशेष हैं, जिसे पुराशोध के लिए रविशंकर विवि रायपुर के भी ध्यानाकर्षण में लाया गया था। दानव की हडिडयों के ढेर के कारण ही इस बस्ती का नाम रक्शापथरा व रक्साहाड़ा रखा गया है। निकट ही सालवनों के बीच से रामवन गमन पथ गुजरता है । प्रकृति की गोद में बसा पुराग्राम सोंढूर इतिहास और लोक जीवन के कई रहस्यों को समाहित किए हुए हैं। महानदी में पैरी और सोंढूर नदी के संगम स्थल पर स्वर्णकणों तथा कालनेमी के स्वर्ण मृग के मिथक से गांव का नाम सोंढूर पड़ा।

# विकसित भारत बनाने की यात्रा आगे बढ़ेगी...

एस. सुनील

विधायी कामकाज के दृष्टिकोण से वर्ष 2025 बहुत महत्वपूर्ण होने वाला है। यह एक बड़े चुनावी वर्ष यानी सुपर इलेक्शन ईयर के बाद का साल है।ज् केंद्र और राज्य सरकारों को एक बड़ा अंतराल विधायी और प्रशासनिक कार्यों के लिए मिल रहा है। ऐसी संभावना है कि इस अवधि में अनेक लम्बित विधायी कार्यों का निपटारा किया जाएगा। संसद में दो विधेयक संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी के समक्ष हैं। जेपीसी वक्फ बोर्ड कानून में बदलाव के लिए लाए गए विधेयक पर विचार कर रही है दूसरी जेपीसी बनी %एक देश, एक चुनाव' के महत्वाकांक्षी कानून पर विचार करेगी। नव वर्ष 2025 की संभावनाओं का आकलन कई पहलुओं से किया जा रहा है। हर व्यक्ति के मन में यह सवाल उठ रहा है कि 2025 में भारत कैसा होगा? भारत की अर्थव्यवस्था कैसी होगी? राजनीति के क्षेत्र क्या गतिविधियां होंगी? कौन कौन से विधायी कार्य लम्बित हैं, जिन्हें पूरा किया जाएगा? विपक्ष क्या वैसे ही राजनीति करता रहेगा, जैसे अभी कर रहा है? सनातनधर्मियों की ओर से सभ्यतागत न्याय सुनिश्चित करने के लिए जो पहल की जा रही है क्या वह जारी रह पाएगी? 12 वर्षों के बाद हो रहे महाकुंभ का क्या संदेश देशवासियों के लिए होगा? वैश्विक पटल पर भारत की क्या स्थिति होगी? विश्व में युद्ध और तनाव का जो दौर चल रहा है वह 140 करोड़ भारतवासियों को कैसे प्रभावित करेगा और आम नागरिक का जीवन कैसा होगा? इनके अलावा भी निश्चित रूप से कुछ और प्रश्न होंगे, जिनके उत्तर की खोज किसी न किसी रूप में हो रही होगी। इन समस्त प्रश्नों के बीच अगर एक वाक्य में 2025 की संभावनाओं का आकलन बताना हो तो कहा जा सकता है कि नव वर्ष सांगठनिक, विधायी और आर्थिक उपलब्धियों का वर्ष होगा। जब हम संगठन की बात करते हैं तो उसमें तमाम राजनीतिक दलों और सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक संगठन आ जाते हैं। यह वर्ष राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ का शताब्दी वर्ष है। संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। संघ एक सांस्कृतिक संगठन है, जिसने पिछले एक सौ साल में भारत की संस्कृति और धर्म के रक्षण का कार्य कुशलतापूर्वक किया है। 12 वर्ष के बाद महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज में हो रहा है, जहां देश के तमाम धार्मिक संगठन और अखाड़े एकत्र हो रहे हैं। सनातन धर्म से जुड़े समस्त संगठनों के लिए कोई नया दिशा निर्देश महाकुंभ से निकलेगा, ऐसी संभावना जताई जा रही है। राजनीतिक दलों की बात करें तो भारतीय जनता पार्टी को नया अध्यक्ष मिलना है। अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री के लक्ष्मण की अध्यक्षता वाली कमेटी चुनावी प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने कर्नाटक के बेलगावी में कार्य समिति की विशेष बैठक में संकेत दिया कि संगठन में इस वर्ष बदलाव किए जाएंगे। विधायी कामकाज के दृष्टिकोण से वर्ष 2025 बहुत महत्वपूर्ण होने वाला है। यह एक बड़े चुनावी वर्ष यानी सुपर इलेक्शन ईयर के बाद का साल है। पिछले साल यानी 2024 में पूरे साल चुनाव होते रहे थे। पहले लोकसभा और चार राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए और उसके बाद चार राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए। यानी 2024 लोकसभा और आठ राज्यों के चुनाव का वर्ष था। वह सिर्फ भारत के लिए बड़ा चुनावी वर्ष नहीं था। दुनिया के महाशक्ति देशों में भी पिछले वर्ष चुनाव हुए। अमेरिका में राष्टपति का चुनाव हुआ तो ब्रिटेन और फ्रांस में संसद का चुनाव हुआ।

# नेताओं की बढ़ती संपत्ति से गरीबी का उपहास

योगेंद्र योगी

राज्यों में चाहे किसी भी दल की सरकारें हों, हर पार्टी सत्ता में आने के बाद यही दावा करती है कि भ्रष्टाचार को जड़मूल से मिटाया जाएगा। सत्ता में आते ही यह वादा हवा हो जाता है। जब कभी कोई भ्रष्ट कार्मिक पकड़ा जाता है, तब सरकार यही दावा करती है कि किसी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा, किंतु यह दावा कभी नहीं करती कि जिस विभाग का आरोपी पकड़ा गया है, वह विभाग अब पूरी तरह से भ्रष्टाचार से मुक्त हो चुका है। देश में भ्रष्टाचार, गरीबी और भुखमरी के बीच नेताओं की बढ़ती हुई संपत्ति में बेशक सीधा कोई संबंध न हो किंतु सवाल तो उठना लाजिमी हैभारत में 12.9 करोड़ लोगों को एक वक्त का खाना भी ठीक तरह से मयस्सर नहीं होता और नेताओं की सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती संपत्ति इनकी गरीबी का उपहास उड़ा रही है। इस पर भी तुर्रा यह है कि देश के नेता आम जनता के लिए काम करते हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चन्द्रबाबू नायडू देश के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। उनके पास 931 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू दूसरे नंबर पर हैं। उनके पास 332 करोड़ रुपए से अधिक की कुल संपत्ति है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया तीसरे नंबर पर हैं। उनके पास 51 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति है। यह खुलासा एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट में किया गया है। देश के 31 मुख्यमंत्रियों की कुल संपत्ति 1, 630 करोड़ रुपए है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि प्रति मुख्यमंत्री की औसत संपत्ति 52.59 करोड़ रुपए है। भारत की प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय या एनएनआई 2023-2024 के लिए लगभग 1,85,854 रुपए थी, जबकि एक मुख्यमंत्री की औसत स्व.आय 13,64,310 रुपए है, जो भारत की औसत प्रति व्यक्ति आय का लगभग 7.3 गुना है। वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सिर्फ15 लाख रुपए की संपत्ति के साथ सबसे कम संपत्ति वाली मुख्यमंत्री हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला 55 लाख रुपए की संपत्ति के साथ सूची में दूसरे सबसे गरीब मुख्यमंत्री हैं। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन 1.18 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ तीसरे सबसे कम संपत्ति वाले मुख्यमंत्री हैं। मुख्यमंत्रियों की इस संपत्ति का खुलासा चुनाव आयोग में दिए गए संपत्ति के ब्योरे से हुआ है। गौरतलब है कि चुनाव आयोग के पास ऐसा कोई तरीका नहीं है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि जो जानकारी



दी है, वह सही या कुछ छिपाया गया है। दरअसल देश के नेता चुनाव आयोग को वही जानकारी देते हैं, जिसे वे आयकर रिर्टन में भरते हैं। देश में आयकर रिटर्न भरने वाले भी आयकर और प्रवर्तन निदेशालय के जाल में फंसते रहे हैं। सिर्फ रिटर्न फाइल कर लेने मात्र से किसी की संपत्ति या आय दूध की धुली नहीं हो जाती। यदि ऐसा ही होता तो देश के सैकड़ों नेता ईडी, सीबीआई और आयकर के लपेटे में नहीं आते। हालांकि इनके जाल में फंसने के बाद नेता यही राग अलापते रहे हैं कि विपक्ष में होने के कारण उन्हें जानबूझ कर फंसाया गया है। विपक्षी दलों के दिग्गज नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा और उसके सहयोगी दलों पर भी सवाल उठते रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या सत्तारूढ़ भाजपा और उसके सहयोगियों में सभी ईमानदार हैं। चन्द्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार के समर्थन से बहुमत में केंद्र की भाजपा सरकार में क्या इतना साहस है कि इनके दलों के नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार को लेकर कोई कार्रवाई कर सके। क्या यह संभव है कि इन दोनों दलों के नेताओं के भ्रष्टाचार की जानकारी केंद्रीय जांच एजेंसियों को नहीं हो। यही वजह है कि जांच एजेंसियों पर दुर्भावना से कार्रवाई करने के आरोप लगते रहे हैं। विपक्षी दलों का यह भी आरोप है कि जिन विपक्षी नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया, उनके मामले रफा-दफा कर दिए गए। 2014 से 2022 तक ईडी के निशाने पर रहे करीब 95 फीसदी यानी 115 नेता विपक्ष से थे। हालांकि ये आंकड़े 2022 तक के ही हैं। इसके बाद 2023 में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए थे और इस दौरान विपक्षी दलों ने अलग-अलग राज्यों पर हुई ईडी, सीबीआई की छापेमारी को राजनीति से प्रेरित बताया था। वर्ष 2004-14 में 26 नेताओं से ईडी ने पूछताछ की थी। इनमें करीब 54 फीसदी यानी 14 नेता विपक्ष से थे। यह संभव है कि मुख्यमंत्रियों और दूसरे नेताओं ने संपत्ति व्यवसायों के जरिए अर्जित की हो या फिर पुश्तैनी हो। इसके बावजूद इतनी भारी संपत्ति होना देश में गरीबी की जीवन रेखा से नीचे रहने वालों के मुंह तो चिढ़ाती है। जबकि नेता आम लोगों के प्रतिनिधित्व का दावा करते हैं। वर्ष 2023 बहुआयामी गरीबी सूचकांक रिपोर्ट में पाया गया है कि दुनिया के सभी गरीब लोगों में से एक तिहाई से अधिक दक्षिण एशिया में रहते हैं, जो लगभग 12.9 करोड़ लोग हैं। भारत इस संख्या में महत्त्वपूर्ण योगदान देता है, जो अत्यधिक गरीबी में लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि के लिए जिम्मेदार है। विश्व बैंक अंतरराष्ट्रीय गरीबी रेखा के आधार पर गरीबी को परिभाषित करता है, जिसके अनुसार प्रति व्यक्ति प्रति दिन 2.15 डॉलर की दर से अत्यधिक गरीबी तय की जाती है, जबकि 3.65 डॉलर निम्न-मध्यम आय श्रेणी में आता है ।

## संक्षिप्त समाचार

### ठंड को देखते हुए प्रमुख चौक-चैराहो पर की गई अलाव की व्यवस्था



**भिलाईनगर (विश्व परिवार)।** बढ़ती हु ठंड को देखते हुए नगर पालिक निगम भिलाई के सभी प्रमुख चौक-चैराहो पर प्रातः कालीन एवं संध्या कालीन अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। इससे स्थानीय निवासियो को ठंड से राहत मिल रही है। विशेष करके रिक्शा, आटो, सब्जी बेचने वाले एवं चलते हुए राहगीर हाथ सेक करके ठंड से राहत पा रहे है। शासन के आदेश के परिपालन में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार गदा चैंक, सुपेला चैंक, पावर हाउस सब्जी मंडी, सुपेला सब्जी मंडी, लक्ष्मी मार्केट, अण्डा चैंक, अवंती बाई चैंक, विजय टाकिज फल मंडी, जलेबी चैंक आदि नगर पालिक निगम भिलाई के सभी जोन में अलाव की व्यवस्था की गई है। झिल्ली पन्नी बिनने वाली फगनी बाई ने कहा कि सुबह-सुबह हाथ सेक लेते है, तो बहुत अच्छा लगता है, नहीं तो हाथ ठंड से ठिठूर जाता है। निगम द्वारा बहुत ही अच्छा व्यवस्था किया जा रहा है, जो हम जैसे लोगो का भी सुध लेता है।

### चरोदा कमिश्नर द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने किया जा रहा प्रतिदिन वार्डों का निरीक्षण



**भिलाई चरोदा (विश्व परिवार)।** नगर निगम भिलाई चरोदा क्षेत्र में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम मे नगर निगम भिलाई 03 चरोदा क्षेत्र में बुधवार दिनांक 08/01/2025 को निगम आयुक्त डी.एस. राजपूत द्वारा औचक पहुंचकर एकता नगर भिलाई 03 एवं चरोदा बस्ती क्षेत्र मे की जा रही सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान निगम स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारीयो द्वारा किये जाने वाले कार्य जिसमें झाडू लगाकार बिखरे कचरे को समेटने के साथ साथ आवासीय एवं व्यावसायिक इलाको मे निस्तारी हेतु बनाई गई नालियो की सफ़ाई समेत जीवीपी पॉइंट की सफ़ाई कार्य के विषय मे आयुक्त श्री राजपूत को स्वच्छता निरीक्षक द्वारा अवगत कराया गया। यहाँ बता दे की निगम आयुक्त श्री राजपूत द्वारा विभिन्न वार्डो मे सफाई अभियान का निरीक्षण किये जाने के समय स्थानीय लोगो से चर्चा भी की गई द्य साथ ही सफाई कार्य में सहयोग एवं ऐसे सुझाव भी मांगे जिससे निगम प्रशाशन द्वारा सफ़ाई कार्य को और अधिक उत्कृष्ट किया जा सके।

### भिलाई-चरौदा उमदा की निवासी कुंदिया बाई ठाकुर के अपने घर का सपना हुआ साकार, प्रधानमंत्री आवास योजना ने दिया अपना खुद का मकान

**भिलाई चरोदा (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम भिलाई-03 चरोदा के वार्ड उमदा की निवासी ने अपने घर का सपना साकार होने की खुशी को बयान करते हुये बताया कि कच्चे मकान में परिवार के साथ रहती थी। भारत सरकार और राज्य शासन की अति कल्याणकारी योजना ने उन्हे पक्के मकान में जीवन यापन करने का अवसर प्रदान किया है। मजदूरी का कार्य करने वाली श्रीमती कुंदिया बाई ने अपने स्थानीय निगम प्रशासन से संपर्क कर आवेदन किया जिसके बाद आज इनका पक्का मकान बनकर तैयार हुआ। निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत ने प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना ने ना जाने कितने ही कच्चे मकान, मिट्टी के घरों में रहने वाले लोगों के सर पर छत देने का काम किया है। निश्चित ही प्रधानमंत्री आवास योजना के परिणाम से लोगों के जीवन में बदलाव देखा जा सकता है।



# प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव जन्म भूमि अयोध्या में युवा परिषद् का राष्ट्रीय अधिवेशन एवं अवार्ड समर्पण समारोह सम्पन्न

## जैन तीर्थ, धर्म व संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए युवा संगठित हो : गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी







**अयोध्या (विश्व परिवार)।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद् का 49 वां स्थापना दिवस के अवसर पर अवार्ड समर्पण व राष्ट्रीय अधिवेशन 5 जनवरी 2025 दोपहर 1ः00 बजे शाश्वत तीर्थ, प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव की जन्म भूमि अयोध्या में परम पूज्य गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी ससंघ, प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका रत्न श्री चंदनामती माताजी, जगद्गुरु पीठाधीश श्री रवीद्रकीर्ति स्वामी जी के मार्गदर्शन, युवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जीवन प्रकाश जैन जम्बूद्वीप, हस्तिनापुर की अध्यक्षता एवं भारतवर्षीय तीर्थ क्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जम्बू प्रसाद जैन ने गाजियाबाद के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन जयपुर ने अवगत कराया कि समारोह की विशिष्ट अतिथि जवाहरलाल जैन सिकंदराबाद अध्यक्ष तीर्थ क्षेत्र कमेटी उत्तर प्रदेश, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग भारत सरकार के एक्सपर्ट पैनल डायरेक्टर प्रकाश जैन मोदी भाटापाटा, समाजसेवी शरद कासलीवाल दिल्ली थे।

राष्ट्रीय पदाधिकारी व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम का मंगलाचरण युवा परिषद के मुख्य संयोजक प्रतिष्ठाचार्य विजय कुमार जैन हस्तिनापुर ने किया। उन्होंने। युवा परिषद की संगठात्मक स्थिति पर प्रकाश डाला। कहा कि युवा परिषद का राष्ट्रीय समाचार पत्र युवा परिषद बुलेटिन जयपुर से प्रकाशित होता है उस बुलेटिन सेअधिक से अधिक संख्या में जुड़ें।

इस अवसर पर मंगल गीत युवा परिषद प्रताप नगर संभाग शाखा के सदस्याओं ने प्रस्तुत किया। स्वागत उद्बोधन युवा परिषद् राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने सभी अतिथियों, विभिन्न प्रांतो से उपस्थित पदाधिकारी व सदस्यों का अभिनंदन किया और कहा कि देव शास्त्र गुरु के प्रति समर्पित होकर युवा परिषद से जुड़ें। मूल से लेकर चूल तक आशीर्वाद प्रदान करने वाली देश की सर्वोच्च साध्वी गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी, प्रज्ञा श्रमणी आर्यिका श्री चन्दना मती माताजी, जगद्गुरु पीठाधीश स्वास्ति श्री रवीन्द्र कीर्ति स्वामीजी का मार्ग दर्शन प्राप्त है और युवा ब्र. डॉक्टर जीवन प्रकाश जैन का कुशल नेतृत्व प्रदान है तो देव शास्त्र गुरु के प्रति निष्ठा रखने वाले इस संस्था से जुड़ें।

सभी अतिथियों का राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारीयों ने सम्मानित किया। गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी ने मंगल आशीर्वचन में कहा कि युवा वर्ग सजातीय व खानपान की रक्षा करें, भारतीय संस्कृति व जैन धर्म के संरक्षण संवर्धन के लिए संगठित हों। जैन संस्कृति के नियम की पालना हो और वस्त्र वेशभूषा आदि भी मर्यादित पहने चन्दना मती माताजी ने कहा कि माताजी ने जो आज प्रवचन में बोला उसकी पालन हो और युवा रक्षा परिषद 50 वें स्वर्ण जयंती वर्ष धूमधाम से धर्म प्रभावना के साथ मनाई जावे। उन्होंने सभी को मंगल आशीर्वाद प्रदान किया।

स्वामी जी ने युवा परिषद का पटइ1977 में जन्म किस प्रकार हुआ और जन्म के अवसर पर स्वयं व पूज्य माता जी उपस्थित थीं, उन्होंने कहा कि युवाओं को धर्म का झंडा लेकर धर्म व संस्कृति के लिए एक होना चाहिए। इस अवसर पर तीर्थ क्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जम्बू प्रकाश जैन गाजियाबाद, मुंबई के कमल कासलीवाल ने भी अपने विचार रखे।

राष्ट्रीय पदाधिकारी व अतिथियों द्वारा युवा परिषद बुलेटिन का भी विमोचन कराया गया। इस अवसर पर कर्मयोगी स्वास्ति श्री रवीन्द्र कीर्ति स्वामी कर्मठ व्यक्तित्व पुरस्कार 2025 प्रथम बार कमल कासलीवाल मुंबई को प्रदान किया गया जिसमें 51000 प्रशस्ति, साल दुपट्टा पहनकर व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार सौजन्य जितेंद्र सपना लुहाड़िया खंडवा, मध्य प्रदेश थे। अवार्ड समर्पण के अंतर्गत आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस शाखा अवार्ड इंदौर जिला शाखा को प्रदान किया गया जिसमें 51000 प्रसशित आदि सोजन्य सुरेश जैन कुलाधिपति तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय मुरादाबाद।

एक्सीलेंट परफॉर्मेंस शाखा अवार्ड राजस्थान की ऋषभदेव शाखा को 31000 रुपए पुरस्कार अवार्ड समर्पण किया, सौजन्य आनंद प्रकाश मदन कुमार जैन शाम एनक्लेव दिल्ली द्वारा। बैस्ट परफॉर्मेंस शाखा अवार्ड बुंदेलखंड प्रांतीय शाखा को 21000 प्रसशित आदि प्रदान किए गए।, सौजन्य विकास जैन वैशाली गाजियाबाद द्वारा प्रदान किया गया।

निदेशक पारस चैनल प्रकाश जैन मोदी भाटाभाटा (छत्तीसगढ़) ने भी विचार रखे। अध्यक्षीय उद्बोधन डॉक्टर जीवन प्रकाश जैन ने कहा कि आज युवा परिषद् की राजस्थान, दिल्ली, मध्य प्रदेश, बुंदेलखंड, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश आदि अनेकों प्रद्यन्तो से पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित हुए जिससे कार्यक्रम की शोभा वढ़ाई। स्वर्ण जयंती समारोह अधिक धूमधाम से मनाया जाना है, उन्होंने भगवान ऋषभदेव की शिक्षाएं जन-जन तक पहुंचाना है, देव शास्त्र गुरु के प्रति निष्ठा से काम करने वाले दिगम्बर जैन युवा इस संस्था से जुड़ें।

माताजी का जो चिंतन है उसको अक्षरशः से पालन करने आदि। आगामी वर्ष स्वर्ण जयंती के लिए और अधिक से अधिक शाखाएं सक्रिय हों और अपने-अपने क्षेत्र में धार्मिक सामाजिक कार्य जरूर करें और नौकरी के स्थान पर व्यापार करें।

अंत में दिलीप जैन युवा परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान प्रांत ने सभी का आभार प्रकट किया और कहा कि राजस्थान में सबसे अधिक संख्या आई और उन्होंने विशेष रूप से प्रताप नगर, मानसरोवर, कामां, ऋषभदेव, खैरवाड़ा, भीलवाड़ा, बांसवाड़ा, उदयपुर आदि दूर दूर स्थानों से आए सदस्यों व सभी को धन्यवाद प्रदान किया।

कुशल संचालन बिजेंद्र जैन दिल्ली ने किया। सांयकाल सत्र में युवा परिषद् की शाखाओं की प्रगति का कुशल अवलोकन एवं उनके कार्यों का मंथन किया गया और 50 वें स्वर्ण जयंती समारोह पर युवा परिषद ग्रंथ प्रकाशन करने एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव जयंती के अवसर पर देश में सार्वजनिक अवकाश रखने का प्रस्ताव पारित किया। उपस्थित सभी शाखाओं को हार्दिक धन्यवाद उनका सम्मान प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। -**उदयभान जैन**

# भिलाई में 19150 पथ विक्रेता पीएम स्वनिधि योजना से ऋण लेकर हुए लाभान्वित



**भिलाईनगर (विश्व परिवार)।** भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन के तहत प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना संचालित किया जा रहा है। जिसमें निगम भिलाई में कुल 19150 पथ विक्रेता ऋण लेकर लाभान्वित हो चुके है। शासन द्वारा पथ विक्रेताओ को 10 हजार, 20 हजार एवं 50 हजार तक का ऋण प्रदान किया जाता है। जिससे पथ विक्रेता ऋण लेकर कर अपने स्वयं के व्यवसाय से आर्थिक स्थिति में सुधार ला सकते है।

जिस प्रकार से 19150 से अधिक पथ विक्रेता स्वनिधि से समृद्वि योजना मे जुड़कर अपने जीवन एवं पारिवारिक स्थिति में सुधार ला करके अपने एवं अपने परिवार का जीवन स्तर सुधारे है। उसी प्रकार अन्य पथ विक्रेता नगर निगम भिलाई के शहरी अजीविका मिशन विभाग से संपर्क करके कर सकते है। शासन की योजना उनके आर्थिक कल्याण के लिए ही बनाई गई है। वह पथ विक्रेता जिन्होने 10 हजार की ऋण राशि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से प्राप्त किए है। ऐसे पथ विक्रेता नगर निगम भिलाई के संबंधित विभाग में आकर सामाजिक आर्थिक प्रोफाईलिंग कराते है। तो वे स्वयं ही सरकार की अन्य 8 योजनाओ में शामिल हो जायेगे।

अभी तक पीएम सुरक्षा बीमा योजना से 9601, पीएम जीवन ज्योति योजना से 7334, पीएम जनधन योजना से 3656, पीएम श्रमयोगी मानधन योजना से 4443, संगठित/असंगठित पंजीयन से 35, एक राष्ट्र एक राशन कार्ड से 119, जननी सुरक्षा योजना से 6 एवं पीएम मात्र वंदना योजना आदि शामिल हुए है। इन सभी योजना में फल, सब्जी, फरच्युन, चना-मुररा, रेबड़ी, गुपचुप, चाट, बेकरी, आईसक्रिम, कपड़ा, बर्तन विक्रेता आदि जुड़कर लाभान्वित हो सकते है। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने सभी पथ विक्रेताओ से अपील किये है। कि अधिक से अधिक संख्या में इस शासकीय योजना से जुड़कर अपने व्यापार के साथ साथ अपने पारिवारिक स्थिति में सुधार ला सकते है, इसका लाभ अवश्य उठावे।

# बुजुर्ग महिला का बनाया गया आयुष्मान कार्ड

### कलेक्टर एवं निगम प्रशासक ने बुजुर्ग एवं असमर्थ लोगों के घर पंहुचकर आयुष्मान कार्ड बनाने के दिए निर्देश



**दुर्ग (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत लगातार घर घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है ।इसका उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पात्र जरूरतमंदों तक पहुंचाना है ।कलेक्टर व निगम प्रशासक सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश एवं नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में घर-घर आयुष्मान कार्ड शिविर आयोजन को प्रभावी बनाने के लिए दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन व मितानिनों की टीम सहित अन्य कर्मचारियों की टीम गठित की गई है।

इसका उद्देश्य कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं से दूर न रहे ।बुजुर्ग एवं असमर्थ लोगों को उनके घर जाकर योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए गए हैं। घर घर पहुंचकर 15 दिन के भीतर बुजुर्ग एवं असमर्थ 70 वर्ष के ऊपर आयु के 435 बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। साथ ही अन्य 909 लोगो का भी आयुष्मान कार्ड बनाया गया। वार्ड क्रमांक 38 त्रिवेणी उइके 90 साल व सुखबति 85 साल की बुजुर्ग महिला के घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाया गया। शिविर में सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है। निगमायुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा संबंधित विभाग द्वारा बुजुर्ग एवं असमर्थ लोगों को उनके घर जाकर योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए गए हैं। शिविर में सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जुड़ी पूरी जानकारी प्रदान कर लाभार्थियों के नाम सूचीबद्ध कर योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देना सुनिश्चित किया जा रहा है।

# बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष बने नितिन राय, सदस्य बनी हेमा शर्मा





**जशपुर नगर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जशपुर जिले के बाल कल्याण समिति का गठन कर अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति कर दी गई है। महिला बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन नवा रायपुर द्वारा 7 जनवरी को बाल कल्याण समिति जशपुर के अध्यक्ष पद पर नितिन राय, सदस्य के पद पर श्रीमती हेमा शर्मा, संदीप पाठक एवं रामेश्वर की नियुक्ति की गई है। इसके आलावा किशोर न्याय बोर्ड में सदस्य के रूप में अर्चना अग्रवाल एवं सतेन्द्र मिश्रा को चुना गया है।

नव नियुक्त अध्यक्ष और सदस्यों का आई सी पी एस के जिला बाल संरक्षण अधिकारी शेखर यादव सहित खुला आश्रय गृह, दत्तक ग्रहण, बालिका गृह, बालक गृह के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्रीमती अंजना मिश्रा, अनूप मिश्रा, मनीषा छाबड़ा, रमा सिंह सहित आई सी पी एस के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

# डी.एल.एड. परीक्षा 2024-25 : आवेदन और नामांकन प्रक्रिया शुरू

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए डी.एल.एड. (डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन) नामांकन और परीक्षा आवेदन प्रक्रिया की तिथियां घोषित कर दी हैं। डी.एल.एड. के प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों को अपने आवेदन ऑनलाइन भरने होंगे। मंडल ने प्रक्रिया को समयबद्ध और सुचारू बनाने के लिए महत्वपूर्ण तिथियों की सूची जारी की है। प्रथम वर्ष के परीक्षार्थियों ग्राह्यता/नामांकन के लिए ऑनलाइन 10 से 31 जनवरी 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। परीक्षार्थी 03 से 18 फरवरी 2025 तक मंडल में नामांकन फार्म की हार्ड कॉपी जमा कर सकेंगे।

# जैन दादाबाड़ी में समर्पण सखी जैन महिला मंडल का 3 दिवसीय ट्रेड फेयर का भव्य शुभारंभ 10 जनवरी से

**होम प्रोडक्ट बनाने वाली महिलाएं लेंगी भाग एक ही छत के नीचे गृहस्थी का सारा सामान उपलब्ध होगा**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** समर्पण सखी जैन महिला मंडल द्वारा स्वाभिमान से स्वालंबन तक 3 दिवसीय ट्रेड फेयर का आयोजन 10 जनवरी से 12 जनवरी के बीच किया जा रहा है। समर्पण एवं सखी महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका लुंकड एवं श्रीमती मंजू टाटिया ने संयुक्त रूप से बताया कि रायपुर राजधानी में तरह तरह के कई मेलो का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। कई बड़ी कंपनिया एवं बाहर से आई कंपनिया अपना प्रोडक्ट बेचती है। ऐसे में घर बैठे प्रोडक्ट बना कर रोजगार करने वाली महिलाओं को सही जगह,सही बाजार एवं बढ़ावा नहीं मिल पाता है। इन्हीं सब को देखते हुए समर्पण एवं सखी महिला मंडल द्वारा मेगा ट्रेड फेयर का आयोजन पिछले कई वर्ष से किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य जैन समाज की महिलाओं को स्वालंबन से स्वाभिमान की ओर ले जाना है। जिसमें एक ही छत के नीचे एक ऐसा बाजार लगा है जिसमें महिलाएं अपने घर में बनाई हुई सामग्री प्रोडक्ट का प्रदर्शन कर बेच सके साथ ही एक नई पहचान भी उनके व्यापार एवं प्रोडक्ट को मिले।

इस राज्य स्तरीय ट्रेड फेयर में प्रदेश भर की महिलाएं अपने प्रोडक्ट लेकर पहुंचने वाली है जिसकी अध्यक्षता एवं शुभारम्भ नेता प्रतिपक्ष श्रीमती मिनल चौबे 10 जनवरी को दोपहर 12 बजे दीप प्रज्वलित कर ट्रेड फेयर का उद्घाटन करेंगी। इस मेगा ट्रेड फेयर में लगभग 55 स्टाल रखे गए है। जिसमें घर बैठे रोजगार कर रही महिलाएं अपने प्रोडक्ट का प्रदर्शन करेंगी। साथ ही होम मेड फूड,बच्चों एवं बड़ों के गेम का भी आयोजन किया गया है। साथ हो दोपहर 3 बजे टोनी तंबोला गेम का आयोजन भी किया गया है। यह आयोजन प्रतिवर्ष पिछले 20 वर्षों से भगवान महावीर के जन्म उत्सव महावीर जयंती में तो किया जाता ही है। जिसकी सफलता एवं होम प्रोडक्ट की मांग को देखते हुए पिछले 3 वर्षों से वर्ष में 2 बार लगाया जा रहा है। यहां पर स्टाल लगा रही महिलाएं धर्म एवं घर की जिम्मेदारियों के साथ साथ व्यापार में भी काफी आगे बढ़ रही है। उनकी बनाई हुई वस्तुएं पर्यावरण के साथ साथ स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से बेहतर है। ट्रेड फेयर में भाग लेने के बाद निरंतर वर्ष भर महिलाओं को ऑर्डर मिलते रहते है। जिससे उनका लघु कुटीर उद्योग व्यापार काफी आगे बढ़ रहा है। समर्पण सखी महिला मंडल स्वाभिमान से स्वालंबन तक मेगा ट्रेड फेयर में विशेष रूप से कल महेंद्र कोचर,विजय चोपड़ा, समर्पण की अध्यक्ष प्रियंका लुंकड़, सचिव डॉ प्रणिता सेठिया, कोषाध्यक्ष अंजू डागा, एवं सखी अध्यक्ष मंजू टाटिया, सचिव सरिता लुंकड़,संरक्षक पुष्पा बरमठ दिगंबर जैन महिला मंडल अध्यक्ष सरिता जैन,योग शिक्षिका पूनम शुक्ल उपस्थित रहेंगी। यह जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी प्रणीत जैन द्वार दी गई। -**प्रणीत जैन**

# जो व्यक्ति आत्मविश्वास से भरा होता है, वही व्यक्ति अपनी आत्मा पर नियंत्रण रखकर आत्म संतोष के साथ जीवन को जीता है : मुनि श्री प्रमाणसागर जी



**इंदौर (विश्व परिवार)।** चाह गई चिंता मिटी मनवा वेपरवाह जिनको कछु न चाहिये यही स्यानन का सार जो व्यक्ति आत्मविश्वास से भरा होता है, वही व्यक्ति अपनी आत्मा पर नियंत्रण रखकर आत्म संतोष के साथ जीवन को जीता है तथा आत्मानुशासन रख सदाबहार प्रसन्न रहता है। उपरोक्त उदगार मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने संगम नगर में प्रवास के दौरान प्रातःकालीन धर्म सभा में व्यक्त किये।

मुनि श्री ने कहा कि अपने आवेग और संवेग पर नियंत्रण रखो जब कभी आप लौकिक जगत में कोई कार्य करते हो तो जिसके अंदर सेल्फ कान्फीडेंस होता है वह हमेशा सफल होता है उसी प्रकार आध्यात्मिक जगत है यदि आप अपना जीवनोत्थान करना चाहते हो तो आपके अंदर आत्म विश्वास एक आध्यात्मिक दृष्टि के रुप में होना चाहिये। में एक चैतन्य, शुद्ध आत्मा हूं, राग द्वैष, काम क्रोध माया लोभ, आसक्ती, तथा अभिमान मेरा स्वभाव नहीं, मेरा स्वभाव तो अपनी आत्मा में रमने का है जब यह दृष्टि हमारी केन्द्रित हो जाऐगी तभी हम अपनी अपनी चेतना को पुरुषकृत कर सकते है, मुनि श्री ने कहा आत्मविश्वासऔर आत्म नियंत्रण आपको लौकिक जगत में भी सफलता दिलाता है और आध्यात्म को भी मजबूत करता है, जिसका अंदर से सेल्फ कान्फीडेंस मजबूत होता है, वही व्यक्ती आत्मा पर विश्वास घटित कर सकता है कि में ज्ञान दर्शन लक्षण युक्त आत्मा हुं, मुझसे भिन्न संसार में कोई नहीं है मेंअजर अमर अविनाशी हूं मेरा कोई कुछ विगाड़ नहीं कर सकता जब यह बात आपके अंदर प्रकट हो जाती है कि मेरी आत्मा का एक प्रदेश भी कोई इधर से उधर नहीं कर सकता तो आपके अंदर एक शक्ति प्रकट होती है, संत कहते है कि यंहा पर न कुछ खोना है और न कुछ पाना है इस सच को झुटलाने में ही पूरा जीवन खपा देते हैं, आध्यात्मिक सोच जिसके अंदर प्रकट हो जाती है वह कभी अनूकूल तथा प्रतिकूल संयोग से विचलित नहीं होता उसके अंदर आत्म संतोष आ जाता है। मुनि श्री ने कहा कि न भूत की स्मृति न अनागत की अपेक्षा, भोगों को भोग मिलने पर की हो उपेक्षा ज्ञानी जनों को यह विषय भोग विष दिखते है, वैराग्य पाठ उनसे हम सीखते है जिसके अंदर आत्मानुशासन होता है उसके अंदर आत्म विश्वास जाग्रत होता है वह आत्म नियंत्रण कर आत्म संतोष और आत्मानुशासन के साथ अपना जीवन आनंद से भर लेता है। इस अवसर पर मुनि श्री निर्वेगसागरमहाराज, मुनि श्री संधान सागर महाराज सहित समस्त क्षुल्लक गण मंचासीन थे ।कार्यक्रम का संचालन बाल ब्र अभय भैया ने किया। प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया मुनि संघ संगम नगर में विराजमान है, सांयकाल शंकासमाधान 5:45 पर तथा रात्री विश्राम रहेगा 10 जनवरी को प्रातः मुनि संघ का मंगल विहार मोदीजी की नसिया की ओर होगा तथा प्रवचन 9 बजे से तथा आहारचर्या यंही से संपन्न होगी। आगामी 15 फरबरी से 20 फरबरी तक मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के टी.टी.नगर में भव्य पंचकल्याणक महामहोत्सव होने जा रहा है। -**अविनाश जैन**

## संक्षिप्त समाचार

### नक्सली भी पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या से दुखी

**बीजापुर(विश्व परिवार)।** बस्तर के पत्रकार मुकेश चंद्रकार (28) की हत्या पर नक्सलियों ने भी दुख जताया है। यही नहीं उन्होंने इस पूरे हत्याकांड की जांच के लिए भी प्रशासन से मांग की है। अमूमन अपनी खुद की ही जन अदालत लगाकर न्याय का दावा करने वाले नक्सली पत्रकार की हत्या के मामले में सरकार से जांच और न्याय की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में माओवादियों की ओर से एक प्रेसनोट भी जारी किया गया है। माओवादियों की दक्षिण सब जोनल ब्यूरो की प्रवक्ता समता ने प्रेस नोट जारी कर इस घटना की निंदा की है। माओवादियों ने पत्रकार की हत्या की कड़ी निंदा की करते हुए खेद व्यक्त किया है। उन्होंने पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या की जांच की मांग की है। मुकेश चंद्राकर नक्सलियों और सरकार के बीच कई मामलों में मध्यस्थ का काम भी करत थे। नक्सलियों के कब्जे से कोबरा बटालियन के जवान राकेश्वर सिंह मन्हास को रिहा कराने वाली मध्यस्थ टीम में वे भी शामिल थे। जवान को रिहा कराने में उनकी अहम भूमिका मानी जाती है।

### अवैध धान बेचते पकड़ा, खाद्य विभाग ने की कार्यवाही

**बालोद(विश्व परिवार)।** दरबारी नवागांव में अवैध रूप से धान लाकर बेचने की जानकारी पर खाद विभाग ने पहुंच कर कार्रवाई की। कार्रवाई में 128 कट्टा धान जांच के बाद जब्त किया गया। खाद्य विभाग ने जानकारी दी कि नियम के विरुद्ध धान बेचते पकड़ा गया है। छत्तीसगढ़ सरकार किसानों के धान का समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 23 सौ बीस रुपए दे रही है। इस साल अच्छी पैदावारी होने के चलते सोसाइटी में अधिक धान भी आ रहा है। वही धान खरीदी केंद्रों में कुछ गड़बड़ ना हो इसके लिए निगरानी समिति का गठन भी किया गया है। इसके बाबजूद कुछ किसान अधिक मुनाफा के चक्कर में दूसरी जगह से धान को लाकर अपने क्षेत्र के धान खरीदी केंद्र में बेचने की कोशिश कर रहे हैं। ताजा मामला बालोद ब्लाक के दरबारी नवागांव उप केंद्र का है।यहां के किसान अशोक साहू के पुत्र और पत्नी के द्वारा अपने पर्चा में धान का पंजीयन करवा कर गुरूर ब्लॉक के ग्राम सोनईडोनगरी से देर रात तक अवैध परिवहन कर धान लाया गया और सुबह उसको बेचने के लिए धान खरीद केंद्र ले गए, जहां मीडिया कर्मियों ने इनका पर्दाफास कर उच्च अधिकारियों को जानकारी देकर 128 कट्टा धान को जब्त कर खाद विभाग के द्वारा पंचनामा बनाकर कलेक्टर को सबमिट कर दिया गया है। अब आगे की कारवाही जिला कलेक्टर के द्वारा की जाएगी।

### गाली-गलौच मामला भाजपा नेत्री हेमकुंवर पहुंची जेल

**सारंगढ़(विश्व परिवार)।** जातिगत गाली-गलौच करते हुए वीडियो के वायरल होने के बाद आखिरकार भाजपा नेत्री हेमकुँवर को पुलिस ने जेल भेज दिया है. नगर में यही चर्चा थी कि एक तरफजिला भाजपा अध्यक्ष ज्योति पटेल के नाम की घोषणा होने पर भाजपाई खुशियां मना रहे थे, तो वहीं दूसरी ओर भाजपा नेत्री हेमकुँवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल दाखिल करा दिया. दरअसल, चंद रोज पहले भाजपा नेत्री हेमकुँवर अपने क्षेत्र के कार्यों को लेकर जनपद पंचायत पहुंची थी. जहां उनका जनपद कर्मचारी नारद से किसी बात को लेकर तूतू, मै-मै हो गया. दोनों के बीच कहा-सुनी इतनी बढ़ गई कि मामला गाली-गलौच तक जा पहुंचा. वायरल वीडियो में भाजपा नेत्री घटना के लिए उकसाते सुनाई और दिखाई पड़ रहा है. मामले में जनपद पंचायत के कर्मचारी नारद ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी. मामले की जांच उपरांत पुलिस ने महिला भाजपा नेत्री हेमकुँवर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल दाखिल कर दिया.

### आजादी के 77 साल बाद ग्राम भैंसामुड़ा में पहुंची बिजली

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** गरियाबंद विकासखंड के वन क्षेत्र में स्थित ग्राम पंचायत कामेपुर के आश्रित ग्राम भैंसामुड़ा में परम्परागत तरीके से बिजली पहुँचाई गई। आजादी के 77 साल बाद ग्राम भैंसामुड़ा में बिजली से रौशन होने पर लोगों में खुशी का वातावरण बना हुआ है। ग्राम भैंसामुड़ा के सभी परिवार आज के परिवेश में इस अति-आवश्यक सुविधा बिजली को पाकर बहुत हर्ष हैं। पूर्व में यह ग्राम सौर ऊर्जा से विद्युतीकृत था। ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि लगातार परंपरागत बिजली की मांग करते रहे और प्रयासरत रहे। अब उनकी मांग पूरी होने पर ग्रामवासी छत्तीसगढ़ शासन एवं विद्युत वितरण कंपनी के प्रति आभार व्यक्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य को परिपूर्ण करते हुये ग्राम भैंसामुड़ा का सर्वे कराकर विद्युत कनेक्शन प्रदान करते हुये बिजली पहुँचाई गई। भैंसामुड़ा में 1 नग 25 केव्हीए ट्रांसफार्मर स्थापित कर, 0.874 किमी. 11 केव्ही लाईन विस्तार व 0.62 किमी. एलटी केव्ही लाईन विस्तार करते हुये 24 घरों को परंपरागत बिजली से रौशन किया गया है।

## मनरेगा से चेक डेम निर्माण कर संचित पानी से किसान ले रहे है फसल



**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** जिले के दूरस्थ विकासखंड देवभोग से 03 किलोमीटर की दूरी पर पर स्थित ग्राम पंचायत मुंगझर जो कि गरियाबंद जिले से 130 किलोमीटर की दूरी पर है। इस गांव का क्षेत्रफल लगभग 1421.25 एकड़ है। तथा गांव की आबादी 2 हजार 600 है। गांव में खेती-किसानी का रकबा काफी होने के बाद भी पानी की कमी के कारण किसान पर्याप्त फसल नहीं ले पा रहे थे। अधिकारियों ने ग्रामसभा के माध्यम से महात्मा गांधी नरेगा के तहत चेक डेम के निर्माण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि चेक डेम निर्माण होने से बारिष के पानी को संचित किया जा सकता है। वहीं बारिश के मौसम मे कम वर्षा या अंतराल के दिनों मे फसलों को चेक डेम के पानी से सिंचित किया जा सकता है। इस पर ग्रामीणों ने चेक डेम निर्माण करवाने का मन बनाया और आवेदन ग्राम पंचायत में जमा कराया। गर्मियों के दिनों में तापमान बढ जाता हैं। जिससे जल स्त्रोंतो के भू-जल स्तर में कमी आ जाती है। पूर्व में यहां के आस-पास के जमीन बंजर था तथा खेतों में कृषि कार्य करने में पानी की कमी के कारण कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। निस्तारी के लिए भी जगह नही था। ऐसे मे खेतों तक पानी मिलना और निस्तारी के लिए गांव वालों ने महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत चेक डेम का निर्माण हुआ। अब उनके पास अपनी फसलों को सूखे से बचाने के लिए खुद का जल का स्त्रोत है। महात्मा गांधी योजनांतर्गत चेक डेम निर्माण होने से अब पानी का जल स्त्रोत में वृद्धि हुई है साथ ही साथ निस्तारी के लिए भी पर्याप्त जगह बनाने में कामयाब हुआ है। ग्राम पंचायत के प्रस्ताव के आधार पर चेक डेम निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति जिला पंचायत द्वारा दी गई। जिसके आधार पर जनपद पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत मुंगझर में चेक डेम निर्माण का कार्य आदेश जारी किया गया। इसके लिए सबसे पहले तकनीकी सहायक ने खेत में 10 मीटर लंबाई एवं 2 मीटर चौड़ाई और 1.50 मीटर गहराई का ले-आउट दिया। इसके बाद श्रमिकों के नियोजन के साथ चेक डेम निर्माण का काम प्रारंभ हुआ। ग्राम पंचायत मुंगझर ने बतौर क्रियान्वयन एजेंसी चेक डेम निर्माण का काम करवाया। चेक डेम निर्माण पूर्व आस-पास की जमीन बंजर था तथा किसानों को अपने खेत पर फसल का ही उत्पादन किया जाता था जो की वर्षा के जल पर ही आश्रित था। परन्तु चेक डेम निर्माण कराने के पश्चात किसानों के फसल के उत्पादन में बढोत्तरी होने के साथ-साथ जल का स्त्रोत में वृद्धि हुई। चेक डेम के निर्माण होने से किसानो के जमीन में वर्षा के पानी से धान उत्पादन में वृद्धि हुई है। ग्रामीणों ने कहा कि मनरेगा योजनांतर्गत कृषि उपज को बढ़ाने के लिए चेक डेम का निर्माण कराया जा सकता है। हमनें ग्राम सभा में चेक डेम निर्माण के लिए आवेदन दिया जो शासन द्वारा स्वीकृत किया गया। चेक डेम निर्माण होने से फसल की सिंचाई में वृद्धि हुई, जिससे हमारे आर्थिक स्थिति में बहुत सुधार हुआ है। हमारे गांव में चेक डेम निर्माण होने से बहुत खुश है। हम लोग राज्य शासन के आभारी है। इसी तरह ग्राम पंचायत मुंगझर में चेक डेम निर्माण होने से आस-पास के किसाना द्वारा चेक डेम के जल का उपयोग सिंचाई के लिए किया जा रहा है, जिससे किसानों को कृषि उपज उत्पादन बढाने में दोगुना लाभ मिला है। इस क्षेत्र का भू-जल स्तर में वृद्धि हुई है। जिसके कारण बारह माह मिटटी में नमी बना रहता है। जिससे भूमि की उर्वरक क्षमता बढ़ती है।

## देवसर वाली माता का अलौकिक मंगलपाठ 12 जनवरी को

### पंकज जोशी बांधेंगे समा, नृत्य नाटिका एवं झांकी की प्रस्तुति

### देवसर धाम भिवानी के पुजारी वेदप्रकाश जी विशेष रुप से रहेंगे उपस्थित



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी में तीसरी बार कुलदेवी देवसर वाली माता का भव्य, दिव्य व अलौकिक मंगलपाठ व भजन संध्या का आयोजन रविवार 12 जनवरी 2025 को एस. एन. पैलेस, रायपुर में किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन श्री देवसर माता सेवा समिति द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसमें विशाल स्वास्थ शिविर भी लगाया जा रहा है। कार्यक्रम में दोपहर 12 बजे से पूजा अर्चना, 1 बजे से सवामणि, छप्पन भोग, मेवा भोग, 2 बजे भजन, 2.30 बजे से माता का मंगलपाठ, संध्या 7 बजे से भजन व आरती, 7.30 बजे सवामणि, छप्पन भोग, मेवा भोग रात्रि 8 बजे महाप्रसाद रखा गया है। इस दौरान आकर्षक फूलों से सजावट की जाएगी। मंगलपाठ के दौरान प्रकट उत्सव, चुनरी उत्सव, गजरा उत्सव, बधाई उत्सव, ज्योत आदि का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व मुख्य यजमानों का सम्मान एवं मंगलपाठ के दौरान लक्की ड्रा निकाला जाएगा जिसमें भाग लेने वालों को आकर्षण उपहार दिया जाएगा। श्री देवसर माता सेवा समिति ने बताया कि भिवानी स्थित देवसर धाम के पुजारी श्रद्धेय वेदप्रकाश जी विशेष रूप से पूजा-अर्चना संपन्न कराएंगे। वहीं मशहूर भजन सम्राट व मंगलपाठ वाचक पंकज जोशी एण्ड पार्टी कोलकाता कार्यक्रम में समा बांधेंगे। तुलिका डांस ग्रुप कोलकाता द्वारा नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी जाएगी।

**माता के अनन्य भक्त देवसर धाम के पुजारी वेदप्रकाश जी-** हरियाणा के भिवानी स्थित देवसर धाम के पुजारी श्रद्धेय वेदप्रकाश जी पर माता देवसर वाली की असीम कृपा है। प्रात: तीन बजे से लेकर 10 बजे तक माता की भक्ति में लीन रहने वाले वेदप्रकाश जी की चुस्ती- फूर्ति देखते बनती है। उनके बताए उपाय, विधि व कर्म से लोगों के बिगड़े काम माताजी की कृपा से बन जाते है। उनका सरल स्वभाव व चेहरे में तेज श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है। कम शब्दों में बहुत कुछ कहना उनकी खासियतों में से एक है। उनके बताए उपायों व भक्ति से कइयों को चमत्कारी लाभ भी हुआ है।

## कलेक्टर को जनदर्शन में नागरिकों ने बताई अपनी समस्याएं

### जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के दिए निर्देश

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, नक्शा बटांकन, ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त करने, आर्थिक सहायता, नजूल भूमि का पट्टा बनाने, राशन कार्ड बनवाने, विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रोजेक्ट उन्नति के तहत कृषि उद्यमी का प्रशिक्षण ले रहे ग्रामीण युवक

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) ने सिर्फग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की समस्या का समाधान किया है, बल्कि ''प्रोजेक्ट उन्नति'' के माध्यम से ग्रामीणों को उद्यमिता की दिशा में एक नया अवसर भी प्रदान किया है। यह योजना ग्रामीणों को न केवल 100 दिनों का रोजगार प्रदान करती है, बल्कि इसके बाद उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर स्व-रोजगार और उद्यमिता की ओर बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। इस क्रम में दंतेवाडा जिले के 28 युवाओं को भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के माध्यम से ''प्रोजेक्ट उन्नति'' के तहत 13 दिवसीय आवासीय कृषि उद्यमी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य युवाओं को उद्यमी बनने के लिए सशक्त करना है इस प्रशिक्षण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के निर्देशन में विभिन्न विभागों जैसे कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग द्वारा विभागीय जानकारी प्रदान करने के तहत प्रशिक्षणार्थियों को विभागों से लाभान्वित करने हेतु विभागीय जानकारी दी गई। इस दौरान प्रशिक्षार्थियों को कृषि विज्ञान केंद्र एवं जिले के ग्राम बड़े कारली के प्रगतिशील किसान रामप्रसाद वेक के कृषि क्षेत्र का भ्रमण कराया गया।

## विद्यालय शिक्षा का वह मंदिर, जहां देश के युवा पीढ़ी की तकदीरें गढ़ी जाती है : रंजना साहू

### शिक्षा ग्रहण करना हमारी पहली प्राथमिकता : शीत कुमार साहू

### प्रदेश में भाजपा की सरकार आने से विकास कार्य को मिली है गति : अमन राव

**धमतरी(विश्व परिवार)।** ग्राम देमार में लाखों के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रंजना साहू रही। देमार में लोकार्पण कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल में ग्रंथालय भवन निर्माण, प्राथना सभा स्थल पर शेड निर्माण कार्य, मुख्यमंत्री जतन योजना अंतर्गत विद्यालय भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू के करकमलों से जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों व स्कूल प्रबंधन समिति, विद्यालय स्टाफ छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प कुछ भेंट कर किया गया अतिथि उद्बोधन में मुख्य अतिथि रंजना साहू ने कहा कि विद्यालय शिक्षा का वह मंदिर है जहां हमारे देश कि युवा पीढ़ी की तकदीरें गढ़ी जाती है, शिक्षा से ही समाज का विकास संभव है। शिक्षा का सबसे बड़ा उद्देश्य व्यक्ति के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है, यह न केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम है, बल्कि यह सोचने, समझने और निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करने में भी सहायक है। ग्रामीण वरिष्ठ एवं हरदिया साहू समाज जिला अध्यक्ष शीत कुमार साहू ने कहा कि शिक्षा ग्रहण करना हमारी पहली प्राथमिकता है, प्राथमिक माध्यमिक, हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल के अध्ययन के बाद उच्च शिक्षा की ओर विद्यार्थी आगे बढ़कर और अपना भविष्य उज्जवल बनाते हैं। आमदी मण्डल अध्यक्ष अमन राव बताया कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार आई है विकास को गति मिली है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य दमयंती साहू, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मुरारी यदू, ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती शीतल बसंत मीनपाल, जनपद सदस्य चंद्रकला बंजारे, के आर साहू, बसंत परदेसी मीनपाल, विद्यालय स्टाफ व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाज का भव्य सम्मेलन, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे शामिल




रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की पावन धरा पर छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाज का ऐतिहासिक अखिल भारतीय शौण्डिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह 11 और 12 जनवरी को विधानसभा रोड सफायर ग्रीन के पास लोटस रिसोर्ट में आयोजित किया जा रहा है। यह सम्मेलन समाज की एकता, समृद्धि और योगदान को समर्पित होगा। जिसमें प्रदेश के मुखिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि - श्री विष्णु देव साय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़, कार्यक्रम की अध्यक्षता- प्रो. राम अवतार महतो (अखिल भारतीय शौण्डिक संघ) अति विशिष्ट अतिथि: डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना, मंत्री श्री रामविचार नेताम, रायपुर के सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल शामिल होंगे।

कार्यक्रम के दूसरा सत्र में शौण्डिक रत्न अलंकरण समारोह मुख्य अतिथि - डॉ. रमन सिंह, अध्यक्ष विधानसभा, छत्तीसगढ़ पूर्व मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ शासन, अति विशिष्ट अतिथि श्री श्याम बिहारी जायसवाल मंत्री-लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा, शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन अति विशिष्ट अतिथि व विशिष्ट अतिथि समाज के आगन्तुक गणमान्य प्रमुख एवं समाज के समस्त बंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित है।

कार्यक्रम का तीसरे सत्र में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। 11 जनवरी शाम 7:30 शुरू होगी।

जिसमे छत्तीसगढ़ राइस मिल एसोशिएशन के प्रदेश अध्यक्ष व अभिनेता योगेश अग्रवाल एवं मोना सेन शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावन एवं कलकत्ता के कलाकारो द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी।

12 जनवरी 2025 को समाज के उत्थान और दशा और दिशा पर परिचर्चा एवं चिंतन बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रत्येक राज्य के अध्यक्ष, सचिव एव आमंत्रित सदस्य व प्रदेश कार्यकारिणी उपस्थित रहेंगे।

यह सम्मेलन शौंडिक समाज के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। यह समाज के सदस्यों को एक मंच प्रदान करेगा जहां वे अपने विचारों और अनुभवों को साझा कर सकेंगे।

इस भव्य आयोजन में शौण्डिक समाज के सजातीय बंधु देश विदेश पहुंच रहे है देश विदेश में सामाजिक बहुलता के चलते झारखंड,बिहार ,पश्चिम बंगाल, आसाम , पंच परगना ,महाराष्ट्रा, तेलांगना, आंध्र प्रदेश मध्य प्रदेश,सहित छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से आयोजन में शामिल होने पधार रहे है। झारखंड पड़ोसी राज्य में सामाजिक बहुलता होने की वजह से जिसमें प्रमुख जिला लोहरदगाय,गुमला, हजारीबाग, बोकारो, धनबाद, गिरडी, जमशेदपुर, सराईखेला,एवं हजारीबाग से विधायक प्रदीप प्रसाद,भी आ रहे है बिहार से पूर्व मंत्री रामचंद पुरवे, पूर्व उद्योग मंत्री समीर महासेठ,दिल्ली से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता रंजन प्रसाद , पड़ोसी देश नेपाल से परमेश्वर महासेठ,राम उदार महासेठ ने अपनी सहमति दे चुके है।

## व्यापार समाचार

## रामीण उद्यमियों को सशक्त बनाने का प्रयास: अविरल फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड ने हीरापुर में विकास को दिया बढ़ावा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की पहली रजिस्टर्ड एनबीएफसी एमएफआई फइनेंस कंपनी अविरल फइनेंस ने राधाबाई के इनिशियल इन्वेस्टमेंट में मुख्य भूमिका निभाई और उन्हें उनकी पहली भैंस खरीदने के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराई। अविरल फइनेंस से हर बार समय पर फइनेंशियल सपोर्ट मिलने से, राधाबाई अब 18-20 भैंसों के झुंड की देखभाल करती हैं, और न केवल हीरापुर में बल्कि आस-पास के गांवों में भी डेयरी इंडस्ट्री में निरंतर अपनी स्थिति को आगे बाधा रही है। राधाबाई की इस अद्भुत यात्रा ने क्षेत्र की अन्य महिलाओं को भी ऐसा ही करने के लिए प्रेरित किया है। उनकी सफ्लता को देखते हुए, कई उद्यमियों ने अपने कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए अविरल फइनेंस के साथ पार्टनरशिप करना चुना है। अविरल फइनेंस से फइनेंशियल सपोर्ट प्राप्त करके, ये महिलाओं ने अपने काम में नए तरीके अपनाए हैं और अपने लिए एक स्थायी रोज़गार का साधन तैयार किया है। हीरापुर की मेहनती उद्यमी राधाबाई ने अविरल फइनेंस प्राइवेट लिमिटेड की मदद से अपने छोटे डेयरी व्यवसाय को एक सफ्ल और बड़ा उद्यम बना दिया है। उनकी यह प्रेरक कहानी सबके लिए मिसाल है। राधाबाई ने सीमित साधनों से शुरुआत करके यह साबित किया है की सुलभ वित्तीय मदद से ग्रामीण इलाकों में सफ्लता हासिल की जा सकती है। राधाबाई ने अविरल फइनेंस के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि,अविरल फइनेंस मेरे व्यवसाय की वृद्धि और सफ्लता में एक महत्वपूर्ण स्तंभ रहा है। उनके समर्थन ने मुझे अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने और अतीत में असंभव लगने वाले कार्यों को प्राप्त करने में सक्षम बनाया है। अविरल फइनेंस की समय पर सुविधाएँ और भरोसेमंद वित्तीय सेवाओं ने मुझे मेरे व्यवसाय में आत्मनिर्भर और स्वतंत्र बनने में मदद की है। मैं ग्रामीण उद्यमियों की मदद के लिए और उनकी मेहनत और समर्थन के लिए दिल से आभारी हूँ। अविरल फइनेंस हीरापुर और आसपास के इलाकों में आर्थिक विकास में मदद कर रहा है। यह उद्यमियों को उनके व्यवसाय बढ़ाने और अपने समुदायों में बदलाव लाने के लिए आसान और खास वित्तीय सेवाएँ देता है।

## इमामी ने पुरूषों की ग्रूमिंग को दी बोल्ड और नई पहचान: स्मार्ट एण्ड हैण्डसम

**नईदिल्ली।** कोलकाता: इमामी लिमिटेड ने पुरूषों के लिए अपने जाने-माने ब्राण्ड 'फेयर एण्ड हैण्डसम' को नई पहचान देते हुए इसे 'स्मार्ट एण्ड हैण्डसम' के रूप में रीब्राण्ड किया है। इसके साथ ही कंपनी ने बॉलीवुड के जाने-माने एक्टर कार्तिक आर्यन को अपना नया ब्राण्ड अम्बेसडर बना लिया है। यह रीब्रांडिंग बहुत अधिक मायने रखती है, ब्राण्ड तकरीबन दो दशकों से मेल ग्रूमिंग मार्केट में अपनी स्थिति को मजबूत बनाए हुए है और उपभोक्ताओं की बदलती पंसद के साथ अपने आप में बदलाव लाता रहा है। आज के युवा पुरूष अपनी त्वचा की देखभाल एवं ग्रूमिंग को प्राथमिकता देते हैं और स्मार्ट एण्ड हैण्डसम उनकी बदलती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। 'हर रोज़ हैण्डसम कोड' पुरूषों को ऐसे ग्रूमिंग समाधान उपलब्ध कराने की ब्राण्ड की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो उनके आत्मविश्वास और व्यक्तित्व में निखार लेकर आएगा। ब्राण्ड के लिए युवाओं का सिर्फ अच्छा दिखना ही मायने नहीं रखता, बल्कि यह भी ज़रूरी है कि वे रोज़ाना अपने आप में भरपूर आत्मविश्वास महसूस करें। यह नई पहचान मेल ग्रूमिंग के लिए ब्राण्ड के समग्र दृष्टिकोण को दर्शाती है, जो उनकी सम्पूर्ण देखभाल के लिए आधुनिक समाधान लेकर आता है। रीब्रांडिंग के साथ नई पैकेजिंग पर एक खास स्टेटमेन्ट दिखाई देता है ''फेयर एण्ड हैण्डसम इज़ नाओ स्मार्ट एण्ड हैण्डसम' जिससे उपभोक्ताओं में ब्राण्ड की पहचान और इसके प्रति भरोसा और मजबूत होगा। ब्राण्ड की इस यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है, सुपरस्टार कार्तिक आर्यन जो कि स्मार्ट एण्ड हैण्डसम का नया चेहरा बन गए हैं। अपनी यंग एनर्जी, स्टाइल और आकर्षण के लिए विख्यात कार्तिक, ब्राण्ड के मूल्यों के अनुरूप पुरूषों को रोज़ाना आकर्षक दिखने और सर्वश्रेष्ठ महसूस करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। ऐसे में उनके साथ साझेदारी युवा पुरूषों के साथ ब्राण्ड के रिश्ते को और अधिक मजबूत बनाएगी। ''आज के युवाओं की ग्रूमिंग संबंधी बढ़ती ज़रूरतों को देखते हुए हमें इस सेक्टर में अपार संभावनाएं दिखाई देती हैं।

## मर्सिडीज़-बेंज ने भारत में इस साल अपने इतिहास की सबसे ज्यादा सेल दर्ज की: 2024 में हुई जबरदस्त वृद्धि

**पुणे:** भारत के सबसे डिज़ायरेबल लग्ज़री कार निर्माता मर्सिडीज़-बेंज ने इस साल भारत में अपने 30 सालों के इतिहास में सबसे ज्यादा सेल दर्ज की है। मर्सिडीज़-बेंज ने जनवरी-दिसंबर 2024 में सबसे अच्छी सेल दर्ज करते हुए अपने 'थ्री-स्टार' वाहनों की विशिष्टता बरकरार रखी और भारतीय बाजार में इसकी 'सबसे डिज़ायरेबल' लग्ज़री कार ब्रांड की पहचान को मजबूत बनाया। कंपनी ने जनवरी-दिसंबर 2024 की अवधि में 19,565 नई कारों की रिकॉर्ड बिक्री की है। बाजार की चुनौतीपूर्ण स्थितियों के बाद भी ब्रांड ने 12.4 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि की। संतोष अय्यर, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, मर्सिडीज़-बेंज इंडिया के अनुसार मर्सिडीज़-बेंज ने भारत में अब तक की सबसे अच्छी सेल्स परफॉर्मेंस दी है। इससे भारत के लिए इसकी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। यह ऐतिहासिक सेल मर्सिडीज़-बेंज के आकर्षक और दिलकश पोर्टफोलियो, सर्वश्रेष्ठ सर्विस और सुगम स्वामित्व के अनुभव, ग्राहकों के लिए विशेष अनुभवों, और आसान फाईनेंस के कारण हुई है, जिसने भारतीय ग्राहकों की महत्वाकांक्षाओं को जगा दिया। अपने फ्रैंचाइज़ी पार्टनर्स के साथ हम अपने मौजूदा नेटवर्क का लग्ज़री रूपांतरण जारी रखेंगे, और विकास की क्षमता वाले नए बाजारों की खोज करते रहेंगे।'' भारत के सबसे डिज़ायरेबल लग्ज़री कारनिर्माता, मर्सिडीज़-बेंज ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की अपनी प्रतिबद्धता के अंतर्गत आज 2 एक्सक्लुसिव बैटरी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स श्क्त टेक्नोलॉजी के साथ त्न580 और श्क्त्स् स्क्क 450 लॉन्च किए। ये कारें मर्सिडीज़-बेंज का इलेक्ट्रिक पोर्टफोलियो मजबूत बनाएंगी, जो हर व्यक्ति की जरूरत के अनुरूप एक इलेक्ट्रिक कार पेश करता है। श्क्त टेक्नोलॉजी के साथ त्न580 में जी-क्लास की बेहतरीन ऑफ-रोडिंग क्षमताएं हैं।



# मैंने कहा, मैं आपको आदर्श मानता हूं, कोंस्टास ने किया कोहली के साथ हुई बातचीत का खुलासा

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया के 19 वर्षीय खिलाड़ी सैम कोंस्टास ने बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के दौरान भारतीय क्रिकेट स्टार विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह के साथ अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि बॉक्सिंग डे टेस्ट में कंधे से टकराने की घटना के बाद कोहली के साथ उनकी बातचीत हुई, जिसमें उन्होंने कोहली को बताया कि वह उनके फैन हैं और उन्हें अपना आदर्श मानते हैं। सैम ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में डेब्यू किया था। उन्होंने नाथन मैकस्विनी की जगह टीम में शामिल होकर 65 गेंदों में 60 रन बनाए। शुरुआती ओवरों में उन्होंने बुमराह की गेंदों को आसानी से खेला, जिससे दर्शक रोमांचित हो गए। हालांकि, दूसरी पारी में बुमराह ने उन्हें आउट कर दिया। सैम ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, एमसीजी पर पहले दिन 90,000 दर्शकों के सामने खेलना अद्भुत था। कोहली और बुमराह जैसे दिग्गजों के खिलाफ खेलना और स्टीव स्मिथ और पैट कमिंस जैसे खिलाड़ियों के साथ खेलना मेरे बचपन का सपना था। मैं हर पल का आनंद लेने की कोशिश कर रहा था। मैच के दौरान, कोहली और सैम के बीच एक टकराव हुआ, जब कोहली बीच ओवर में सैम से टकरा गए। लेकिन मैच के बाद दोनों ने बातचीत की, जिसमें कोहली ने सैम को श्रीलंका दौरे के लिए शुभकामनाएं दीं। 19 साल के सैम ने कहा, मैच के बाद मैंने कोहली से बात की और उन्हें बताया कि मैं उनका बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। उनके खिलाफ खेलना सम्मान की बात है। मैदान पर उनका प्रभाव जबरदस्त था। भारतीय फैंस उनका नाम जोर-जोर से ले रहे थे। यह सब बहुत खास था। उन्होंने आगे कहा, कोहली बहुत विनम्र और दयालु हैं। उन्होंने मुझे श्रीलंका दौरे के लिए शुभकामनाएं दीं। मेरे परिवार में सभी उन्हें पसंद करते हैं और मैं बचपन से ही उनका फैन हूं। वह खेल के लीजेंड हैं। सिडनी टेस्ट में सैम का बुमराह के साथ भी गर्मागर्म पल देखने को मिला। सैम ने खुलासा किया कि उन्होंने समय खराब करने की कोशिश की थी ताकि दिन खत्म होने से पहले भारत एक और ओवर न फेंक सके। इस पर बुमराह भड़क गए। सैम ने कहा, मुझे लगता है कि यह मेरे लिए सीखने का मौका था। मैंने समय खराब करने की कोशिश की, लेकिन बुमराह ने मुझे आउट कर ही दिया। वह विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं। अगर यह घटना दोबारा होती है, तो शायद मैं ऐसा नहीं करूंगा।

## आईओए कोषाध्यक्ष ने 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए लंबित खेल आवंटन शुल्क पर चिंता जताई

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के कोषाध्यक्ष सहदेव यादव ने आगामी 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए खेल आवंटन शुल्क को लेकर चिंता जताई है। उत्तराखंड की मेजबानी में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक खेल होने हैं। यादव ने कहा कि मेजबान राज्य ने 5 करोड़ रुपये की पूरी राशि का भुगतान नहीं किया है, जो 2023 में एजीएम के दौरान तय की गई थी। आईओए प्रमुख पीटी उषा को लिखे पत्र में यादव ने कहा कि खेल आवंटन शुल्क की प्राप्ति के बारे में पूछताछ करने पर राज्य से केवल 2.5 करोड़ रुपये का भुगतान प्राप्त हुआ है। पत्र में कहा गया है, 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए उत्तराखंड से खेल आवंटन शुल्क की प्राप्ति के बारे में पूछताछ करने पर मुझे पता चला कि प्राप्त राशि केवल 2.5 करोड़ रुपये है। चूंकि 11 मार्च 2023 को आयोजित आईओए की एजीएम में यह निर्णय लिया गया था कि खेल आवंटन शुल्क के रूप में 5 करोड़ रुपये की राशि एकत्र की जाएगी।



इसमें आगे कहा गया है, 36वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए गुजरात सरकार से तथा 37वें राष्ट्रीय खेलों के लिए गोवा सरकार से खेल आवंटन शुल्क के रूप में 5 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई थी। 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए उत्तराखंड सरकार से भी यही राशि प्राप्त की जानी है। आईओए कोषाध्यक्ष ने पीटी उषा से कहा है कि वह उत्तराखंड सरकार के साथ इस मामले को सुलझाएं और यह सुनिश्चित करें कि खेलों के शुरू होने से पहले 2.5 करोड़ रुपये की शेष राशि प्राप्त हो जाए।

## अरावली एरोज ने पलानी टस्कर्स को हराया; मुरथल मैग्नेट्स को डिवीजन 1 में पहली जीत

युवा कबड्डी सीरीज


**कोयंबटूर( एजेंसी )।** कोयंबटूर के कर्पगाम अकादमी ऑफ हायर एजुकेशन में आयोजित युवा कबड्डी सीरीज - डिवीजन 1 में कई आश्चर्यजनक दिन देखने को मिले, जिसमें पलानी टस्कर्स को अपनी पहली हार का सामना करना पड़ा और मुरथल मैग्नेट्स ने अंततः अपनी जीत का सिलसिला तोड़ दिया। दिन की शुरुआत मुरथल मैग्नेट्स द्वारा कर्पागम रेडर्स को 40-32 से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज करने के साथ हुई। विनय ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 15 रेड पॉइंट और तीन टैकल पॉइंट का योगदान दिया। रेडर्स के लिए आर. गौतम के 14 रेड पॉइंट के बावजूद, उनके साथियों से समर्थन की कमी के कारण उन्हें हार का सामना



करना पड़ा। दूसरे मैच में सोनीपत स्पार्टन्स ने जयपुर थंडर्स को 45-33 से हराकर लगातार पांचवीं हार का सामना किया। अंकित सहरवा ने 12 रेड पॉइंट के साथ स्पार्टन्स की अगुआई की, जबकि नवीन शर्मा और पंकज ने छह-छह टैकल पॉइंट दिए। जयपुर के लिए प्रवीण के हाई 5 और मोहित गुर्जर के ऑलराउंड प्रयास जीत की दिशा बदलने के लिए पर्याप्त नहीं थे। तीसरे गेम में अरावली एरोज ने पहले अजेय पलानी टस्कर्स को 35-28 से हराकर चौंका दिया। अंकित जाट ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नौ टैकल पॉइंट हासिल किए, जबकि चेतन चौधरी ने हाई-5 अर्जित किया।

# अदाणी ग्रुप के शेयरों में जोरदार तेजी, मार्केट कैप बढ़कर 12.80 लाख करोड़ रुपये हुआ

**मुंबई( एजेंसी )।** अदाणी ग्रुप के शेयरों में मंगलवार को तेजी का ट्रेंड देखने को मिला। ग्रुप के सभी शेयरों में हरे निशान में कारोबार हो रहा था। दोपहर 1ः39 पर अदाणी ग्रीन एनर्जी 3 प्रतिशत, अदाणी पावर 3.18 प्रतिशत, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस 2.88 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। इसके अलावा अदाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में 1.72 प्रतिशत की बढ़त थी। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) का शेयर 1.36 प्रतिशत और अदाणी टोटल गैस का शेयर करीब 0.6 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार कर रहा है। ग्रुप की सीमेंट कंपनी अंबुजा और एसीसी के शेयर में करीब




1.50 प्रतिशत की तेजी थी। इस दौरान ग्रुप का मार्केट कैप करीब 16 हजार करोड़ रुपये बढ़कर 12.80 लाख करोड़ रुपये हो गया है। पिछले कुछ समय में अदाणी ग्रुप की कंपनियों को लेकर कई सकारात्मक खबरें आई हैं, जिसके कारण निवेशकों का ग्रुप की कंपनियों पर विश्वास बढ़ा है। हाल में अदाणी एंटरप्राइजेज की सहयोगी कंपनी अदाणी पेट्रोकेमिकल्स ने इंडोरामा रिसोर्सेज के साथ %वैलोर पेट्रोकेम% नाम से ज्वाइंट वेंचर की घोषणा की थी। इस ज्वाइंट वेंचर में अदाणी पेट्रोकेमिकल्स की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। इस ज्वाइंट वेंचर के जरिए अदाणी ग्रुप की योजना पेट्रोकेमिकल्स सेक्टर में इंडोरामा की विशेषज्ञता का लाभ उठाना है। अदाणी पेट्रोकेमिकल्स की स्थापना 2021 में हुई थी। इसका उद्देश्य देश में रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स स्थापित करना है। इंडोरामा रिसोर्सेज की पैरेंट कंपनी इंडोरामा वेंचर्स पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में एक अग्रणी वैश्विक कंपनी है, जो 35 से अधिक देशों में परिचालन करती है। थाईलैंड में स्थित, इंडोरामा पॉलिएस्टर उत्पादों और फाइबर सेक्टर में दुनिया के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। साथ ही यह केमिकल सेक्टर की एक बड़ी कंपनी है।

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने कर्मचारियों के भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए कर्मचारी सहायता कार्यक्रम का दायरा बढ़ाया

**मुंबई:** भारत के अग्रणी सरकारी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने अपने 75,000 से अधिक कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों की भावनात्मक, मानसिक और मनोवैज्ञानिक देखरेख के उद्देश्य से एक समग्र कल्याण की पहल शुरू की है। बैंक ने कॉर्पोरेट वेलनेस क्षेत्र में एक नवीनतम पहल करते हुए अपने कर्मचारी सहायता कार्यक्रम (ईएपी) का विशिष्ट संस्करण पेश करने के लिए ट्रूवर्थ वेलनेस के साथ साझेदारी की है। एक खुशहाल कार्य परिवेश को बढ़ावा देने हेतु बैंक के विविध आयु वर्ग के कर्मचारियों के समग्र कल्याण का सक्रिय रूप से समर्थन करने वाले कर्मचारी सहायता कार्यक्रम, का उद्देश्य बैंक के कर्मचारियों की विविध भावनात्मक जरूरतों को पूरा करना है।

ट्रूवर्थ वेलनेस के कर्मचारी सहायता कार्यक्रम (ईएपी) की प्रमुख विशेषताएं निम्नानुसार हैं:

गोपनीय और व्यक्तिगत सहयोग: चिंता, अवसाद, तनाव, अकेलापन, व्यक्तिगत परेशानियों आदि जैसे मुद्दों पर कर्मचारियों और उनके आश्रित परिवार के सदस्यों (पति/पत्नी और बच्चों) के लिए पेशेवर विशेषज्ञों के साथ गोपनीय और नि:शुल्क वैयक्तिक परामर्श सत्र।

परामर्श के विभिन्न माध्यम: परामर्श सत्र व्यक्तिगत जरूरतों के अनुरूप, वीडियो के माध्यम से आमने-सामने और/या 24×7 टोल फ्री हेल्पलाइन के जरिए आयोजित किए जा सकते हैं।

24/7 एक्सेस: तत्काल सहायता और मार्गदर्शन के लिए चौबीस घंटे हेल्पलाइन और वर्चुअल सहायता।

## बुमराह के मुरीद हुए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज बताया है। बुमराह ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब जीता था। बुमराह ने सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने 13.06 की औसत से 32 विकेट लिए और उनकी घातक गेंदबाजी ने ऑस्ट्रेलिया को सीरीज में कई मौकों पर परेशान किया। सीरीज में बुमराह ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर आए किसी तेज गेंदबाज द्वारा एक सीरीज में 34 विकेट लेने के सिडनी बार्न्स के 1911-12 के रिकॉर्ड के काफी करीब थे। हालांकि, सिडनी में हुए अंतिम टेस्ट में उनकी चोट ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि की बराबरी करने या उससे आगे निकलने से रोक दिया। क्लार्क ने ईएसपीएन के कार्यक्रम अराउंड द विकेट में कहा, श्रृंखला समाप्त होने के बाद जब मैं बुमराह के प्रदर्शन के बारे में सोच रहा था तो मुझे



वास्तव में लगता है कि वह तीनों प्रारूपों में अब तक के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज हैं। उन्होंने कहा, मैं कई महान तेज गेंदबाजों को जानता हूं, कर्टली एम्ब्रोस, ग्लेन मैकग्रा को टी-20 क्रिकेट खेलने का मौका नहीं मिला, इसलिए मैं उन लोगों के बारे में बात नहीं कर रहा हूं, लेकिन किसी भी ऐसे व्यक्ति के संबंध में जिसने तीनों प्रारूप खेले हैं, मुझे लगता है कि वह अब तक के सर्वश्रेष्ठ हैं। किसी भी परिस्थिति, किसी भी प्रारूप में, यह लड़का अद्भुत है। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया पर शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें पर्थ में आठ विकेट, गाबा में छह विकेट और एमसीजी में जबरदस्त प्रदर्शन शामिल है। एससीजी में, उन्होंने ख्वाजा और लाबुशेन को जल्दी आउट कर दिया, लेकिन दूसरे दिन लंच के बाद सिर्फ एक ओवर फेंका। क्लार्क ने कहा, मुझे लगता है कि भारत शायद सिडनी में 20 रन पीछे रह गया। हालांकि, बुमराह के टीम में होने से मुझे लगता था कि भारत जीत दर्ज कर लेगा। बुमराह अच्छे गेंदबाज होने के साथ ही साथ टीम इंडिया के अन्य गेंदबाजों से कहीं बेहतर हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच ने बुमराह की चोट का श्रेय मेजबान टीम की रणनीति को दिया। फिंच को लगता है कि एससीजी टेस्ट की अंतिम पारी में बुमराह की मौजूदगी से ऑस्ट्रेलिया के लिए लक्ष्य का पीछा करना कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण हो सकता था। फिंच ने कहा, अगर बुमराह ने सिडनी में आखिरी पारी में गेंदबाजी की होती तो ऑस्ट्रेलिया आसानी से जीत नहीं हासिल कर सकती थी। रन चेज के दौरान उन्हें कठिनाई होती।

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी मोतीबाग रोड, रायपुर (छ.ग.)

(email id:-cmho_raipur@yahoo.co.in, Ph no-07712535304)

क्रमांक/मु.चि.अ/भंडार/ज.औ. / सत्रह / 2024 /746 रायपुर, दिनांक 06/01/2025

// विज्ञप्ति //

वर्ष 2025 में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायपुर के अधीनस्थ संस्थाओं में अनुपयोगी कंडम सामग्री का अपलेखन हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है ।

नियम एवं शर्तों एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवसों में कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है। अनुपयोगी कंडम सामग्री निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित राशि 200/- (दो सौ रू मात्र) जिला स्वास्थ्य समिति रायपुर के नाम से जारी डिमांड ड्राफ्ट भुगतान कर अनिवार्य रूप से दिया जाना होगा, उक्त राशि वापसी योग्य नही है।

अनुपयोगी कंडम सामग्री निविदा प्रपत्र भरकर स्थानीय कार्यालय में रजिस्टर डॉक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन पत्र जमा कर सकते है। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20.01.25 है एवं जमा करने की अंतिम तिथी 24.01.25 जन औषधि प्रपत्र शाम को 05.30 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

1. अनुपयोगी कंडम सामग्री निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 20.01.25 को शाम 5.00 बजे तक।
2. अनुपयोगी कंडम सामग्री निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 24.01.25 को शाम 04.00 बजे तक।
3. अनुपयोगी कंडम सामग्री निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि दिनांक 24.01.25 को शाम 4.30 बजे ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला-रायपुर, ( छ.ग )

जी- 242505157/3

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, शुक्रवार 10 जनवरी 2025



## कड़ेना एनीकट निर्माण के लिए 4.47 करोड़ रुपए स्वीकृत

**रायपुर (विसं)।** राज्य शासन ने रायगढ़ जिले के विकासखण्ड धरमजयगढ़ के कड़ेना एनीकट निर्माण कार्य के लिए 4 करोड़ 47 लाख 31 हजार रुपये स्वीकृत किये गये हैं। योजना की कार्य पूर्ण हो जाने पर भू-जल संवर्धन एवं निस्तारी जल की सुविधा के साथ 60 हेक्टेयर क्षेत्र में सोलर संयंत्र एवं पाईप लाईन के माध्यम से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से एनीकट निर्माण कार्यों को कराने मुख्य अभियंता हसदेव कछार जल संसाधन विभाग बिलासपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

# संक्षिप्त समाचार

## एनएचएमएमआई नारायणा हॉस्पिटल में पेट एवं आंत संबंधित रोगो का नि :शुल्क परामर्श

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल द्वारा 10 जनवरी से 11 जनवरी 2025 तक पेट एवं आंत संबंधी समस्याओं हेतु




प्रथम परामर्श नि:शुल्क दिया जा रहा है। अक्सर देखा गया है मरीज पेट व आंत की समस्याओं को शुरुआत में समझ नहीं पाते व छोटी मोटी बात समझ कर नजर अंदाज कर देते है जो बाद में काफी बढ़ जाती है और गंभीर रोगो का कारण बनती है। अगर कोई व्यक्ति खून मिश्रित उल्टी, मल में खून आना या काला मल, हीमोग्लोबिन का कम होना, चक्कर आना या निम्न रक्तचाप, पेट दर्द और कमजोरी, अत्यधिक या ज्यादा उल्टी आना, त्वाचा का पीला पड़ना, जैसी समस्याओं का सामना कर रहा है तो उसे तत्काल डॉक्टरी परामर्श लेना चाहिये। इस परामर्श शिविर में परामर्श हेतु वरिष्ठ पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ अनुपम महापात्रा व डॉ अभिषेक जैन उपस्थित रहेगे। इस अवसर पर मरीजो को एंडोस्कोपी एवं कॉलोनीस्कोपी पर 50 प्रतिशत की छूट तथा अन्य सभी प्रकार की जांचो पर 25 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। अधिक जानकारी हेतु नारायणा हॉस्पिटल लालपुर में संपर्क कर सकते है।

## 14 जनवरी 2025 रियाज ग्राउंड छेड़ीखेड़ी में आयोजित 'राजस्थानी प्रजापति प्रिमियर लीग'

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राजस्थानी प्रजापति समाज द्वारा 14 जनवरी 2025 को रियाज अकादमी में 'राजस्थानी प्रजापति प्रिमियर लीग 2025' का आगाज किया जा रहा है जिसमे समाज के युवाओ द्वारा 6 टीम बनाई गई है जो की, प्रजापति यूनिकॉर्न, प्रजापति किंग्स, प्रजापति ईगल, प्रजापति टाइटन्स, प्रजापति पैन्थर्स, प्रजापति रॉयल्स, के नाम से है और 80 से अधिक युवा इस खेल में भाग ले रहे है समाज द्वारा ही 7 प्रतिष्ठीत प्रतिष्ठान इसमें अपनी टीम के स्पोंसर बने है। युवाओ में जोश और परस्पर सहयोग के भाव से सीरिज कराई जा रही है विजेता टीम को 11,000/- नगद पुरस्कार एवं अन्य कई उपहार ट्राफी विजेता का भी आयोजन किया गया है कार्यक्रम प्रमुख श्री अनूप प्रजापति, श्री हितेश प्रजापति, श्री मुकेश प्रजापति, एवं श्री लक्ष्मी नारायण जी द्वारा सभी को एक जुट कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

## पुराने समाचार पत्रों/पत्रिकाओं (रद्दी) की बिक्री के लिए कोटेशन आमंत्रित

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पत्र सूचना कार्यालय, भारत सरकार, रायपुर द्वारा पुराने समाचार पत्रों, पत्रिकाओं, फर्नीचर और कम्प्यूटर उपकरणों के निस्तारण (विक्रय) के लिए 10 जनवरी, 2025 (शुक्रवार) की शाम 5.00 बजे तक स?थानीय रद्दी खरीदारों से कोटेशन आमंत्रित किया जा रहा है। इच्छुक फर्में अपना कोटेशन पत्र सूचना कार्यालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, दूरदर्शन केन्द्र परिसर, शंकर नगर, रायपुर स्थित कार्यालय में जमा करा सकते हैं। प्राप्त कोटेशन दिनांक 13 जनवरी, 2025 (सोमवार) को दोपहर तीन बजे उपस्थित खरीदारों के सामने खोले जाएंगे अधिकतम दर प्रस्तावित करने वाले फर्म को विक्रय-आदेश जारी किया जाएगा।

# पेयजल के लिए तीन शहरों में पहुंचेगा खुड़िया जलाशय का पानी, योजना के लिए 202.84 करोड़ रुपए मंजूर

- लोरमी, मुंगेली, तखतपुर की बरसों पुरानी मांग होगी पूरी, 17 हजार परिवारों को मिलेगा लाभ
- छत्तीसगढ़ की पहली योजना जिसमें तीन नगरीय निकायों को मिलेगा पेयजल

### लोरमी, मुंगेली और तखतपुर के लिए मील का पत्थर साबित होगी योजना: डिप्टी सीएम

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मिशन अमृत 2.0 के तहत तीन शहरों लोरमी, मुंगेली और तखतपुर में पेयजल के लिए खुड़िया जलाशय का पानी पहुंचाया जाएगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य शहरी विकास अभिकरण (स्डा) ने इसके लिए 202 करोड़ 84 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। यह छत्तीसगढ़ की पहली ऐसी योजना होगी जिसमें एक साथ तीन नगरीय निकायों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति होगी। तीनों शहरों के कुल 17 हजार परिवारों को इसका लाभ मिलेगा।

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव की पहल पर क्षेत्रवासियों की यह बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है। उनके निर्देश पर लोरमी, मुंगेली और तखतपुर के लिए रॉ-वाटर तथा लोरमी शहर के लिए जल शोधन एवं वितरण व्यवस्था के



लिए सुडा ने केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के मिशन अमृत 2.0 के अंतर्गत इस योजना की मंजूरी दी है। इस योजना से लोरमी नगर पालिका के नागरिकों को 24×7 शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। योजना को साकार करने पूरे नगर में विस्तृत एवं वृहद सर्वे जलप्रदाय सर्वे विशेषज्ञ एजेंसी द्वारा किया गया है।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने बताया कि लोरमी, मुंगेली और तखतपुर के लोगों की बहुत पुरानी मांग थी कि उनके शहर के लिए शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इस योजना से उनकी बरसों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। शुद्ध पेयजल प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। इसे उपलब्ध कराना नगरीय निकायों का दायित्व भी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना मिशन अमृत 2.0 के तहत यह योजना स्वीकृत की गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह योजना लोरमी नगर के लिए मील का पत्थर साबित होगी। साथ ही मुंगेली और तखतपुर में भी इससे पेयजल आपूर्ति की समस्या खत्म हो जाएगी।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने योजना के बारे में बताया कि खुड़िया जलाशय से लोरमी, मुंगेली और तखतपुर को रॉ-वाटर देने के लिए 75 किलोमीटर की पाइपलाइन बिछाई जाएगी। लोरमी में पेयजल आर्वधन के लिए 8.5 एमएलडी क्षमता का जल शोधन संयंत्र स्थापित किया जाएगा। लोरमी शहर में शुद्ध पेयजल प्रदान करने के लिए आठ किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई जाएगी। साथ ही हर घर तक नल से जल पहुंचाने के लिए 80 किलोमीटर वितरण लाइन भी बिछाई जाएगी। योजना के तहत तीन नए उच्च स्तरीय जलागार का भी निर्माण किया जाएगा।

## राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ महतारी प्रीमियर लीग की शुरुआत, प्रदेशभर से आए खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ महतारी प्रीमियर लीग का जोरदार आगाज हो गया है। इस प्रतियोगिता का आगाज 7 जनवरी से रायपुर स्थित गुढ़ियारी के दही हांडी मैदान में हो रहा है। यह प्रतियोगिता 21 जनवरी तक चलेगी। आईपीएल की तर्ज पर इस प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में हिंसा लेने प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से खिलाडी पहुंचे है। छत्तीसगढ़ महतारी प्रीमियर लीग के प्रेसिडेंट अनिमेष शर्मा ने बताया की खिलाड़ियों का चयन ऑक्शन की प्रक्रिया से किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम प्राइज चार लाख वह द्वितीय स्थान आने वाली टीम को ढाई लाख का इनाम दिया जाएगा। शाम प्रात: 4 बजे से इस प्रतियोगिता की शुरवात होती है, जो रात 12 बजे तक चलता है। प्रतियोगिता में कुल बारह टीमों ने हिसा लिया है। छत्तीसगढ़ के क्रिकेट खिलाड़ियों को एक्सपोजर करने के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस टूर्नामेंट में थर्ड अंपायर की भी व्यवस्था की गई है। आयोजकों ने बतया की इस टूर्नामेंट को कराने में बसंत अग्रवाल, कारण शर्मा, गौरव बत्रा एवं नीरज गोयल की विशेष भूमिका रही।

# छत्तीसगढ़ के जंगलों से भारत भर के बाजारों तक 'बस्तर श्री सिल्क'

**कारीगरों को सशक्त और विरासत को बढ़ावा देता राष्ट्रीय ग्रामीण भारत महोत्सव**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ के बस्तर के हरे-भरे परिदृश्य में, बस्तर श्री सिल्क, सशक्तिकरण, नवाचार और विरासत की कहानी बुन रहा है। वर्ष 2021 में सुश्री के. मोनिका द्वारा स्थापित और नाबार्ड द्वारा समर्थित, यह कारीगर समूह केवल 10 सदस्यों के साथ शुरू हुआ था और अब, 50 कुशल कारीगरों और महिलाओं का एक संपन्न समुदाय के रूप में विकसित हो गया है। बेल मेटल में मीठे पानी के मोती के आभूषणों के लिए प्रसिद्ध, एक ऐसा शिल्प जो भारत में कहीं और नहीं पाया जाता है, वे लोकी- लौकी (तुमा) आधारित, मशरूम और रागी चाय (चाहा), मोमबत्तियाँ, सजावटी सामान, आभूषण और हथकरघा भी बनाते हैं- प्रत्येक उत्पाद बस्तर की समृद्ध परंपराओं का सार है।




6,000 रुपए से 25,000 रुपए तक की मासिक आय के साथ, ये कारीगर न केवल अपनी विरासत को संरक्षित कर रहे हैं, बल्कि आर्थिक स्वतंत्रता के लिए राह भी बना रहे हैं। प्रधानमंत्री द्वारा मान्यता प्राप्त उनकी पहल, माई पैड माई राइट, समुदाय संचालित नवाचार के लिए उनकी प्रतिबद्धता को उजागर करती है।

छत्तीसगढ़ के जंगलों से लेकर भारत भर के बाजारों तक, बस्तर श्री सिल्क, एक ऐसी यात्रा का प्रतिनिधित्व करते हैं जहां, प्रकृति, परंपरा और आधुनिकता एक स्थायी भविष्य निर्माण के लिए निर्बाध रूप से मेल खाते हैं। यह सहकारी संस्था 4 से 9 जनवरी, 2025 तक नाबार्ड और वित्तीय सेवा विभाग (वित्त मंत्रालय) द्वारा नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय ग्रामीण भारत महोत्सव में भाग ले रही है। महोत्सव का उद्देश्य विभिन्न चर्चाओं, कार्यशालाओं और मास्टरक्लास के माध्यम से ग्रामीण बुनियादी ढांचे को बढ़ाना, आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था बनाना और ग्रामीण समुदायों के भीतर नवाचार को बढ़ावा देना है। इसके उद्देश्यों में वित्तीय समावेशन को ध्यान में रखकर और टिकाऊ कृषि प्रथाओं का समर्थन करके, पूर्वोत्तर भारत पर विशेष ध्यान देने के साथ ही ग्रामीण आबादी के बीच आर्थिक स्थिरता और वित्तीय सुरक्षा को बढ़ावा देना शामिल है।

महोत्सव का एक महत्वपूर्ण फोकस उद्यमिता के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाना और जीवंत प्रदर्शनों और प्रदर्शनियों के माध्यम से भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करना है।

# बागवानी से किसानों की आय बढ़ाने की अपार संभावनाएं : सांसद बृजमोहन अग्रवाल

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राजधानी रायपुर में गुरुवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय बागवानी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य मध्य भारत और वैश्विक हितधारकों के बीच सार्थक सहयोग को बढ़ावा देना था, जो छत्तीसगढ़ की वैश्विक उद्यानिकी बाजार में स्थिति को मजबूत करने और नए विकास के अवसरों को सृजित करने में सहायक होगा।




संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए, सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि पारंपरिक खेती के स्थान पर बागवानी को अपनाकर किसान अपनी आय को बढ़ा सकते हैं। उन्होंने बताया कि बागवानी में फल, फूल, और औषधीय पौधों की खेती न केवल किसानों को आर्थिक दृष्टि से सशक्त बनाती है, बल्कि कृषि भूमि का अधिकतम उपयोग भी सुनिश्चित करती है।

श्री अग्रवाल ने यह भी बताया कि कृषि मंत्री रहते हुए उन्होंने किसानों को फल, फूल और सब्जी उगाने के लिए प्रोत्साहित किया था। इसका नतीजा है कि आज छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों में विशेष फसलें जैसे मैनपाट में सेव, जशपुर में लीची, अंबिकापुर में नाशपाती और बस्तर में काजू की खेती हो रही है। उन्होंने बागवानी के लिए बाजार और कोल्ड स्टोरेज की सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए योजनाओं की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस अवसर पर श्री एस. जगदीसन, निदेशक, उद्यानिकी एवं फार्म फॉरेस्ट्री निदेशालय, ने कहा कि छत्तीसगढ़ में उद्यानिकी और कृषि के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। यह संगोष्ठी इन संभावनाओं को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का एक असाधारण अवसर है। यह कार्यक्रम राज्य को उद्यानिकी क्षेत्र में अग्रणी के रूप में स्थापित करने में सहायक होगा।

कार्यक्रम में श्री एम.बी. नकवी, मुख्य समन्वयक, मीडिया टुडे प्राइवेट लिमिटेड ने कहा कि मध्य भारत में छत्तीसगढ़ की कृषि और उद्यानिकी में विशाल अप्रयुक्त संभावनाओं को देखते हुए, यह समिट वैश्विक उद्योग को इस क्षेत्र में लाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती है।

इस संगोष्ठी में क्रावो इक्विपमेंट लिमिटेड (कनाडा), हेग्रोव (यूके), ईएमसीओ (कैलिफोर्निया), केएफ बायोप्लांट्स, इंडो-अमेरिकन सीड्स, और धनदीप सीड्स जैसी प्रमुख वैश्विक कंपनियों ने भाग लिया। इन कंपनियों ने उद्योग में नवाचार और दीर्घकालिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम का आयोजन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, मीडिया टुडे प्राइवेट लिमिटेड, फ्लोरीकल्चर टुडे पत्रिका, छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ, छत्तीसगढ़ नर्सरी मैन एसोसिएशन, भारतीय ग्रीनहाउस मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन, और iFlora के सहयोग से किया गया। इसमें कृषि उद्यमी, निवेशक, सरकारी अधिकारी, नीति निर्माता, नर्सरी मालिक, कृषि-तकनीकी नवप्रवर्तक, शोधकर्ता, और किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में 'संवाद 2025' कार्यक्रम सम्पन्न

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर में आज संवाद 2025 कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में माननीय कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा, मीडिया समाज का आईना है, जो केवल समस्याओं को दिखाता ही नहीं, बल्कि उनका समाधान ढूंढ़ने में भी अहम भूमिका निभाता है। संवाद एक ऐसा माध्यम है, जो समाज को दिशा देने के साथ उसकी जटिलताओं को सरल बनाने में मदद करता है।



कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा ने आगे कहा कि लिखना-पढ़ना ही शिक्षा नहीं है, बल्कि जीवन के मर्म को समझना सच्ची शिक्षा है। संवाद के माध्यम से समाज की समस्याओं का समाधान संभव है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद का जिक्र करते हुए कहा कि हमें सकारात्मक सोच और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति से पढ़ाई का सार्थक माहौल बन रहा है। विद्यार्थी जीवन का अनुशासन के बिना कोई अर्थ नहीं है। विद्यार्थी जीवन का पहला पाठ ही अनुशासन है। अनुशासन ही किसी राष्ट्र को श्रेष्ठ और महान बनाता है। आजकल संवाद का न होना बहुत बड़ा संकट बन गया है। मीडिया का मूल तत्व ही संवाद है। भारत में संवाद की प्राचीन परंपरा रही है। मौन भी संवाद की भाषा मानी जाती है। पत्रकारिता में भाषा मूल तत्व है। कुलपति जी ने कहा कि शिक्षा का सही अर्थ है जीवन के मर्म को समझना। हमें विद्यार्थी जीवन में सिर्फ डिग्रीधारी नहीं बनना है बल्कि विद्यावान बनाना है। वर्तमान समय में लोगों के जीवन में बोरियत सबसे बड़ा शत्रु बन गया है। इससे बचने के लिए किसी भी कार्य को पूरी लगन के साथ करना चाहिए। ज्ञान को धारण नहीं करने से वो बोझ के समान हो जाता है। एक अच्छे मीडियाकर्मी के नाते सही गलत के अंतर को समझने की दृष्टि पैदा करने की जरूरत है। गलत को सही करना मीडिया का काम है। उन्होंने कहा कि एक पत्रकार का मन, बुद्धि, विचार संयत होना चाहिए। अच्छी शिक्षा से ही व्यापक दृष्टि पैदा होती है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर के मीडिया में भारतीयता की कमी है। अभी भी उसके केंद्र में यूरोपियन मानसिकता हावी है। यूरोपीय पत्रकारिता में जो नकारात्मकता है वही हमारी पत्रकारिता की अवधारणा बन गयी है। जिससे मीडिया में नकारात्मकता पैदा हो रही है।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री सुनील कुमार शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए डिजिटल मीडिया की चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज के समय में पत्रकारों को तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को भी प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने छात्रों को नए सत्र में अनुशासन और मेहनत के साथ अपनी शिक्षा को लक्ष्य केंद्रित रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राध्यापक डॉ. नृपेन्द्र कुमार शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों और अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र त्रिपाठी ने आभार प्रदर्शन किया।

## शंकर नगर स्थित जोन कार्यालय गार्डन के पीछे अवैध निर्माण हटाया गया



**रायपुर ( विसं )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिले में अतिक्रमण हटाने के अभियान को तेज़ी से चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में शंकर नगर जोन कार्यालय गार्डन के नाले पर बने अवैध लेबर रूम और वाश रूम को हटाने की कार्रवाई की गई। यह निर्माण गार्डन के पास स्थित नाले के ऊपर अवैध रूप से किया गया थाए जिसे नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी की उपस्थिति में जोन की टीम द्वारा हटवाया गया। कार्यवाही के दौरान निगम के अधिकारियों ने संबंधित व्यक्ति पर जुर्माना लगाने का निर्देश भी दिया।

# राष्ट्रीय आहार विज्ञान दिवस मनाना स्वस्थ भविष्य के लिए स्थायी समाधान

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बढ़ावा देने में आहार विशेषज्ञों और पोषण पेशेवरों की भूमिका को मान्यता देने के लिए हर साल 10 जनवरी को आहार विज्ञान दिवस मनाया जाता है।



इस साल भारत में 10 जनवरी, 2025 को राष्ट्रीय आहार विज्ञान दिवस का विषय है संचारी (तपेदिक और वायरल) और गैर-संचारी रोगों के लिए प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करके स्थायी समाधान। इस संदर्भ में आहार विशेषज्ञों की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे व्यक्तिगत आहार योजनाएँ विकसित करने में मदद कर सकते हैं जो विशिष्ट स्वास्थ्य आवश्यकताओं और जीवन शैली को ध्यान में रखते हैं। आहार विशेषज्ञों की विशेषज्ञता के साथ, लोगों को उनकी विशिष्ट स्वास्थ्य आवश्यकताओं के अनुसार व्यक्तिगत आहार योजनाएँ प्रदान की जा सकती हैं।

निम्नलिखित क्षेत्रों में आहार विशेषज्ञों की भूमिका महत्वपूर्ण है- व्यक्तिगत आहार योजनाएँ विकसित करना। पोषण संबंधी सिफारिशें प्रदान करना। स्वास्थ्य शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देना। रोग प्रबंधन और रोकथाम में सहायता करना। स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ सहयोग करना।

इसके अलावा, प्रौद्योगिकी और AI रोग में महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रहे हैं निदान और भविष्यवाणी। मशीन लर्निंग एल्गोरिदम और कम्प्यूटर विज़न जैसे AI-संचालित डायग्नोस्टिक टूल, पैटर्न की पहचान करने और बीमारियों का पता लगाने के लिए मेडिकल इमेज, प्रयोगशाला के नतीजों और मरीज़ के डेटा का विश्लेषण कर सकते हैं।

निष्कर्ष में, तकनीक और AI संचारी और गैर-संचारी रोगों से निपटने के लिए स्थायी समाधान प्रदान करते हैं। इस संदर्भ में आहार विशेषज्ञों की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे व्यक्तिगत आहार योजनाएँ विकसित करने में मदद कर सकते हैं जो विशिष्ट स्वास्थ्य आवश्यकताओं और जीवन शैली को ध्यान में रखते हैं। इसलिए हमेशा अपने शरीर की ज़रूरतों के अनुसार और मौसम के अनुसार स्वास्थ्य जीवन शैली के लिए मौसमी खाद्य पदार्थों के साथ आहार का पालन करें।

# हाइवे में चलने वाले दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने किया जागरूक

**5000 से अधिक दोपहिया वाहन चालकों ने हेलमेट पहनकर वाहन चलाने लिया संकल्प**






**रायपुर ( विश्व परिवार )।** 36 वॉं राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के नौवे दिन यातायात पुलिस रायपुर द्वारा शहर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग में दोपहिया वाहन चालकों में हेलमेट धारण कर वाहन चलाने के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत हाइवे पर बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले लगभग 5000 से अधिक दोपहिया वाहन चालकों को रोककर हेलमेट धारण कर वाहन चलाने समझाइस दिया गया। साथ ही दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट धारण करने संकल्प पत्र भरवाया गया।

बता दे कि सड़क दुर्घटना के प्रकरणों का अवलोकन करने पर सबसे अधिक दुर्घटना दोपहिया वाहन के विरूद्ध घटित होना पाया गया है, जिसका प्रमुख कारण दोपहिया वाहन चालक द्वारा वाहन चालन के दौरान हेलमेट नही पहनने से सर में आई गंभीर चोट हो होना पाया गया जो कि गंभीर चिंता का विषय है। जिसे देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन में यातायात पुलिस रायपुर द्वारा शहर से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग में बिना हेलमेट वाहन चालन करने वाले दोपहिया वाहन चालकों को रोककर बिना हेलमेट वाहन नही चलाने के संबंध में समझाईस दिया गया।

ज्ञात हो कि हेलमेट से ना सिर्फ वाहन चालक की जान बचती है, बल्कि इसके और भी कई सारे फायदे है जैसे कि धुल-धक्कड़ से चेहरे का बचाव, गर्मी के मौसम में धुप से बचाव, बरसात में पानी से तथा ठण्डी के मौसम में ठंडी हवाओं से चेहरे की सुरक्षा होती है। बिना हेलमेट वाहन चलाने से तीनों मौसम में धुल धक्कड़ एवं ठंडी हवाओं के कारण वाहन चालक अनियंत्रित होकर दुर्घटना कारिता होता है जिससे अकारण जान-माल की हानी होती है साथ ही पीड़ित के परिवार पर गंभीर संकट उत्पन्न हो जाता है जिसे देखते हुए यातायात पुलिस रायपुर द्वारा प्रमुखता के आधार पर दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट धारण कराने अभियान चलाया जा रहा है।



गंजेपन का ईलाज
अत्याधुनिक तकनीक द्वारा केश प्रत्यारोपड़ FUT एवं FUE तकनीक द्वारा
गंजेपन का ईलाज
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता ONLYTDS.COM
ITR GST
G.S.T. रिटर्न | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354